दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 323

ग्वालियर, शुक्रवार 12 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

15 अगस्त के बाद होगा नीतिश कैबिनेट का विस्तार, 16 से 18 मंत्री राजद से और कांग्रेस से 3 से 4

पटना। बिहार की राजधानी पटना से खबर आ रही हैं, कि बिहार कैबिनेट के विस्तार को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने बड़ी जानकारी दी है। सीएम नीतीश के अनुसार बिहार कैबिनेट का विस्तार 15 अगस्त के बाद होगा। सीएम ने कहा है कि बिहार मंत्रिमंडल का विस्तार संभवतः 16 अगस्त को या उसके बाद हो सकता है। बता दें, बिहार में दो दिनों के सियासी उलटफेर के बीच महागठबंधन की सरकार बन गई। नई सरकार में नीतीश कुमार ने फिर से बिहार के मुख्यमंत्री पद और तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। इसके बाद नीतीश कुमार की नई कैबिनेट का विस्तार कब होगा और उसका स्वरूप कैसा होगा इस लेकर चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार नीतीश कैबिनेट के लिए मंत्रियों का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। सूत्रों के अनुसार जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार बिहार सरकार में 16 से 18 मंत्री राजद के, जबकि कांग्रेस को 3 या 4 पद मिल सकते है, वहीं जीतन राम मांझी की पार्टी हम पिछली सरकार की तरह ही इस सरकार ने भी एक सीट लेने में सफल होगी।

वहीं नीतीश की नई कैबिनेट में निर्दलीय विधायक सुमित सिंह को भी फिर से मंत्री बनने का अवसर मिल सकता है। आरजेडी गुट से तेजप्रताप यादव, कुमार सर्वजीत, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, आलोक कुमार मेहता, अवध बिहारी चौधरी (अगर विधान सभा अध्यक्ष पर बात नहीं बनी तब), ललित यादव, अनिता देवी, जितेन्द्र कुमार राय, अनिल सहनी, चन्द्रशेखर, भाई वीरेन्द्र, भारत भूषण मंडल, शाहनवाज, समीर महासेठ, वीणा सिंह, रणविजय साहू, सुरेन्द्र राम, सुनील सिंह और केदार सिंह मैं कोई एक, बच्चा पांडेय और राहुल तिवारी में कोई एक, कार्तिक सिंह और सौरभ कुमार में कोई एक को मंत्री बनने का अवसर मिल सकता है। वहीं जेडीयू कोटे से बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा, संजय झा, लेसी सिंह, सुनील कुमार, जयंत राज, जमां खान, अशोक चौधरी को मंत्री बनाया जाएगा। जबकि कांग्रेस कोटे से मदन मोहन झा, अजीत शर्मा, शकील अहमद खान और राजेश कुमार राम को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं जीतनराम मांझी की पार्टी हम (से) कोटे से संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह को भी एक बार फिर मंत्री बनने का अवसर मिल सकता है।

रक्षाबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह हर साल श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके लंबे जीवन की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। रक्षाबंधन को देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। रक्षा बंधन को देश के पश्चिमी भाग में नारियल पूर्णिमा तो उत्तर भारत में कजरी पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। नारियल पूर्णिमा के दिन मछुआरे इंद्रदेव और वरुण देवा की पूजा करते हैं। इस दौरान समुद्र में नारियल फेंके जाते हैं। जबकि कजरी पूर्णिमा के दिन किसान देवी दुर्गा से अच्छी फसल की कामना करते हैं। इस दिन वे खेत में अनाज बोते हैं। रक्षा बंधन के दिन दक्षिण भारत में ब्राह्मण नया जनेऊ धारण करते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। इसके साथ ही, बुरे कर्मों से भी मुक्ति मिलती है।

बच्चन परिवार में मना रक्षाबंधन, ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

मुंबई। भाई-बहन के अटूट रिश्ते के त्योहार रक्षाबंधन की धूम देश भर रही है। इस दिन हर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन को जिंदगी भर उसकी रक्षा करने का वचन देता है। मनोरंजन इंडस्ट्री में भी सितारे बहुत ही धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। हाल ही में अमिताभ बच्चन की पोती और ऐश्वर्या राय और अभिषेक की बेटी आराध्या बच्चन की रक्षाबंधन सेलिब्रेट करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इस तस्वीर में आराध्या भाई अगस्त्य को राखी बांधती हुई दिखाई दे रही हैं। आराध्या बच्चन की भाई अगस्त्य नंदा को राखी बांधते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को ऐश्वर्या राय बच्चन के फैन क्लब ने शेयर किया है। तस्वीरों में आराध्या बच्चन क्रीम रंग के लहंगे चोली के साथ लाल दुपट्टे में जहां बेहद ही क्यूट लग रही हैं, तो वही ऐश्वर्या राय बच्चन ने भी बेटी की मैचिंग का सूट पहना है, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं।

जगदीप धनखड़ बने देश के 14वें उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली(ईएमएस)। पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ गुरुवार को देश के 14वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री सहित सभी दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में जगदीप धननखड़ ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह से पहले जगदीप धनखड़ ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष नीतीश कुमार, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को वेंकैया नायडू और उनके उत्तराधिकारी धनखड़ की उनके आवास पर मेजबानी की। लोकसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा कि नायडू और बिरला ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ राष्ट्रीय हित और संसदीय मामलों के मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण और अनुभव साझा किए। जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझनू जिले के किठाना में हुआ था। धनखड़ की प्रारंभिक शिक्षा किठाना गांव के के ही सरकारी माध्यमिक विद्यालय में हुई। पांचवीं के बाद उनका दाखिला गरधाना के सरकारी मिडिल स्कूल में हुआ। इसके बाद उन्होंने चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में भी पढ़ाई की। धनखड़ ने फिजिक्स से स्नातक किया है। इसके बाद उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की। धनखड़ ने वकालत की शुरुआत राजस्थान हाईकोर्ट से की थी। वे राजस्थान बार काउंसिल के चेयरमैन भी रहे थे। बीजेपी और एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति के चुनाव में 74.36 प्रथिशत वोटों के साथ भारी जीत दर्ज की है। पिछले छह उपराष्ट्रपतियों के चुनावों में धनखड़ ने सबसे ज्यादा मतों से बाजी मारी है। जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी मारग्रेट अल्वा को सिर्फ 182 वोटों से ही संतोष करना पड़ा।

झुझुनूं जिले के रहने वाले हैं जगदीप धनखड़

जगदीप धनखड़ राजस्थान के झुझुनूं जिले के रहने वाले हैं। वे उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। एनडीए के उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया था। धनखड़ किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता गोकुल चंद्र धनखड़ खेती करते थे। धनखड़ पेशे से वकील हैं।

अब ट्रांसजेंडर का कमर्शियल पायलट बनने का सपना होगा पूरा

नई दिल्ली। देश में अब ट्रांसजेंडर का कमर्शियल पायलट बनने का सपना पूरा हो सकेगा। पायलट बनने के लिए इच्छुक ट्रांसजेंडर की फिटनेस के लिए एयरोमेडिकल असेसमेंट के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस कदम से उन लोगों का कमर्शियल पायलट बनने का सपना पूरा हो सकता है, जो खुद को किसी लैंगिक पहचान से जोड़ नहीं पाते हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि एंडोक्रिनोलॉजिस्ट या संबंधित उम्मीदवारों के विशेष केस को देखने वाले विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत चिकित्सा रिपोर्ट के आधार पर एयरफोर्स के डॉक्टरों द्वारा केस-टू-केस मेडिकल असेसमेंट किया जाना चाहिए। खबर के मुताबिक डीजीसीए के इस गाइडलाइन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पायलट बनने के इच्छुक एक ट्रांसजेंडर एडम हैरी ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। अब तक भारत में जो ट्रांसजेंडर कमर्शियल पायलट बनना चाहता था, उसकी फिटनेस के लिए मेडिकल इवैल्यूएशन की व्यवस्था नहीं थी, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देशों में इस तरह का सर्कुलर 5-7 साल पहले आ गया था। एडम हैरी के कमर्शियल लाइसेंस को लेकर पिछले महीने विवाद हुआ था। हालांकि डीजीसीए ने उन आरोपों का खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि केरल के ट्रांसजेंडर एडम हैरी को कमर्शियल पायलट लाइसेंस की अनुमति से वंचित कर दिया गया है। गौरतलब है कि स्टूडेंट पायलट लाइसेंस के इच्छुक उम्मीदवार को पहले क्लास 2 का मेडिकल एग्जामिनेशन पास करना होता है, उसके बाद क्लास 1 मेडिकल एग्जामिनेशन पास करना होता है। कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य है। यानी किसी भी एयरलाइन में नौकरी के लिए यही सबसे बुनियादी लाइसेंस है।

देश में 24 घंटों में कोरोना के 16299 नए केस मिले, 53 की मौत



नई दिल्ली। देश भर में 24 घंटे के दौरान कोरोना के 16299 नए केस आए हैं। इस दौरान 53 लोगों को मौत हो गई है। हालांकि गुरुवार को नए केस में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ। कल 16047 नए केस आए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 1,25,076 हो गई है। जबकि डेली पॉजिटिविटी रेट 4.58 फीसदी है। दिल्ली में कोरोना के 2,146 नए मामले सामने आए और 8 मरीजों की मौत हो गई जबकि संक्रमण दर 17.83 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक देल्ली में 180 दिन के बाद कोरोना से इतने मरीजों की मौत हुई है। इससे पहले 13 फरवरी को दिल्ली में 12 मरीजों की मौत हुई थी।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे में दिल्ली में 12,036 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 19,75,540 हो गई। वहीं, आठ और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 26,351 हो गई, दिल्ली में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 8,205 है। दिल्ली में 5,549 मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं। महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के 1,847 मामले सामने आए और सात मरीजों की मौत हो गई। बुलेटिन के मुताबिक, सामने आए नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या बढ़कर 80,64,336 हो गयी और मृतकों का आंकड़ा 1,48,157 तक पहुंच गया। बुलेटिन में कहा गया है कि महाराष्ट्र में मृत्यु दर 1.83 प्रतिशत दर्ज की गयी।

उधर राजस्थान में कोरोना संक्रमित दो और मरीजों की मौत हो गई वहीं 613 नये मामले सामने आये हैं। झालावाड़ और बांसवाड़ा में कोरोना वायरस संक्रमित एक और मरीज की मौत हो गई, जिससे राज्य में अब तक इस घातक बीमारी से मरने वालों की संख्या 9592 हो गई। राज्य में 613 नये कोरोना वायरस संक्रमित मरीज पाये गये हैं। जिससे राज्य में अब तक संक्रमित मरीजों की संख्या 12,99,007 हो गई। 613 संक्रमित मरीजों में जयपुर में 159, अलवर में 105, उदयपुर में 94, भरतपुर मे 51, अजमेर में 42, जोधपुर में 30, नागौर में 20 नये संक्रमित मरीज शामिल है।

राजौरी- सेना कैंप में उरी हमले की आतंकी कोशिश विफल, 2 आतंकी ढेर, 3 जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में सेना की मुस्तैदी के चलते आतंकियों की बड़ी साजिश विफल हो गई है। स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकियों ने उरी जैसे हमले की पूरी प्लानिंग कर ली थी। हालांकि, सुरक्षा बलों की वजह से इसे नाकाम कर दिया गया है। दरअसल, राजौरी के पास परगल में कुछ आतंकी आर्मी कैंप में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो आतंकी को ढेर कर दिया गया है। हालांकि, हमारे 3 जवान भी शहीद हुए हैं जबकि दो घायल बताए जा रहे हैं। राजौरी से परगल कैंप की दूरी लगभग 25 किलोमीटर की है। आर्मी कैंप में आतंकियों ने आत्मघाती हमले किए। इसी आत्मघाती हमले में हमारे जवान शहीद हुए हैं। माना जा रहा है कि आतंकवादी पूरी जैसी हमले को दोहराने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन उनकी यह साजिश नाकाम हो चुकी है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि राजौरी से 25 किलोमीटर दूर एक आतंकी हमले में दो आतंकियों ने सेना की एक कंपनी की ऑपरेटिंग बेस पर आत्मघाती हमला किया। दोनों आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि इसमें 3 जवान शहीद हो गए। अभी ऑपरेशन जारी है। आतंकवादी हमले में घायल सेना के जवानों में एक अधिकारी भी शामिल हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। 16 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह लगातार जमीनी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा कि कुछ लोगों (आतंकवादियों) ने पारगल में सेना के एक शिविर की बाड़ पार करने की कोशिश की। जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि राजौरी के पारगल में अंधेरे में दो आतंकवादी चौकी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सतर्क सैनिकों ने उनको रोकने की कोशिश की।

गुजरात, मप्र, महाराष्ट्र, झारखंड, प. बंगाल व ओडिशा में भारी बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। झारखंड, पश्चिम बंगाल व ओडिशा समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। ओडिशा में 13 अगस्त तक बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट भी जारी किया है। इसके अलावा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी कुछ जगहों पर तेज बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है। दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बहुत ही हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने के आसार हैं। अधिकतम एवं न्यूनतम पारा क्रमशः 35 व 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़, केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और पूर्वी राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर लद्दाख, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, बिहार, तटीय ओडिशा, आंतरिक कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की बारिश संभव है। पंजाब के कई इलाकों में मौसम का मिजाज अच्छा रहने का अनुमान है। ज्यादातर इलाकों में बादल छाएंगे और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का भी अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में 2-3 दिन अच्छी बारिश होने की संभावना है।

खास खबर

चीन ने आंतकी अब्दुल रऊफ अजहर को बचाया, चीन का आंतकवाद को लेकर दोहरा मापदंड

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र में जैश-ए-मोहम्मद के दूसरे नंबर के ओहदेदार अब्दुल रऊफ अजहर को काली सूची में डालने के प्रस्ताव को चीन द्वारा बाधित करने पर केंद्र ने कहा कि चीन का यह कदम आतंकवाद से निपटने के उसके दोहरे मापदंड को दर्शाता है। चीन ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के भाई एवं पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन के दूसरे नंबर के ओहदेदार अब्दुल रऊफ अजहर को काली सूची में डालने के अमेरिका और भारत के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में बाधित कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के किसी भी आतंकवादी को काली सूची में डालने के प्रयास को बाधित करने के चीन के ''राजनीति से प्रेरित'' ये कदम, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समिति की काम करने की निष्ठा को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने '1267 प्रतिबंध समिति' में आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव को बाधित किया है। गौरतलब है कि चीन ने इससे पहले जून 2022 में पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के भारत तथा अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव को आखिरी क्षण में बाधित कर दिया था। मक्की लश्कर-ए-तैयबा के सरगना एवं 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार है।

रामबन में पहाड़ दरकने और बादल फटने से दो की जान गई, राष्ट्रीय राज़मार्ग भी बंद

जम्मू। इन दिनों देश में मूसलाधार बारिश का कहर जारी है कई राज्यों में भारी बरसात हो रही है। इसके चलते पहाड़ी राज्यों में पहाड़ दरकने (लैंडस्लाइड्स) और बादल फटने की भी घटनाएं सामने आई हैं। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में गुरुवार को लैंडस्लाइड और बादल फटने की वजह से दो लोगों की जान चली गई। इसके चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे को बंद करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार की है, जब रामबन जिले में बादल फट गया। इसके चलते लैंडस्लाइड हुई, जिससे पहाड़ों के पत्थर हाईवे पर आने लगे। जिला प्रशासन बचाव कार्य में जुट गया है और जल्द से जल्द नेशनल हाईवे को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहा है। मालूम हो कि जम्मू-कश्मीर में भी लगातार बारिश हो रही है। इससे जम्मू में तवी नदी का जलस्तर बढ़ गया। जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों से नदी के किनारे नहीं जाने की अपील की है। उधर, बीती रात हिमाचल के कुल्लू जिले के आनी में बादल फटने से कई दुकानें और गाड़ियां पानी में बह गईं। बादल फटने की यह घटना बीती रात तीन बजे की है। बादल फटने से देवठी पंचायत और आनी बाजार में बाढ़ ने नुकसान हुआ है। आनी में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिसके बाद सब्जी मार्केट में 10 दुकानें और तीन कार बह गईं। वहीं, आनी के ही गूगरा और देवठी गांव में भी कई घरों में पानी घुस गया। गूगरा गांव में कई घरों और गाड़ियों को भी बाढ़ से नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद से ही जिला प्रशासन बचाव कार्य में लगा हुआ है।

ऑटो ड्राइवर को अदा शर्मा ने बंधी राखी, सोशल मीडिया पर हो रही तारीफ

मुंबई। अभिनेत्री अदा शर्मा को भले ही उनके कुछ पोस्ट के लिए ट्रोल किया जा चुका हो, लेकिन अब उन्होंने जो किया है, उसकी सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। अदा शर्मा का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, इसमें वह सड़क पर ऑटो ड्राइवर को राखी बांधती नजर आ रही हैं। राखी का त्योहार भाई-बहन के त्यौहार के अलावा रक्षा का प्रतीक भी है। अदा का मानना है कि सड़क पर लड़कियां उनकी वजह से ही सुरक्षित चल पाती हैं और इसलिए उन्होंने ऑटो ड्राइवर को राखी बांधी। वीडियो में अदा, ऑटो ड्राइवर की कलाई पर राखी बांधते हुए इसकी वजह भी बता रही हैं। वह कहती हैं कि वो और उनके जैसी और लड़कियां इन्हीं लोगों की वजह से सड़क पर सुरक्षित महसूस करती हैं। देर रात अगर उन्हें अपने घर या दोस्त के यहां जाना हो। साथ में अपना ड्राइवर या गाड़ी नहीं है, तब वह ऑटो वाले भैया से उन्हें सुरक्षित छोड़ने के लिए कह सकती हैं। अदा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें ऑटो ड्राइवर की कलाई पर राखी बांधती नजर आ रही हैं। उनके हाथ में मिठाई का डिब्बा भी है। तस्वीरें शेयर कर अदा शर्मा ने लिखा है, मेरे पास भाई है। आप लोग भी मुंबई के हमारे कूल भाइयों के साथ रक्षाबंधन मनाएं। अदा शर्मा की कुछ समय पहले एक तस्वीर सामने आई थी।, जिसमें वह सड़क किनारे सब्जी बेचती नजर आ रही थीं।

न-टू-वन

राहुल की जगह ऋषभ से करायें पारी की शुरुआत : जयवर्धने

नई दिल्ली। श्रीलंका के अनुभवी बल्लेबाज महेला जयवर्धने ने कहा है कि अब ऋषभ पंत को एशिया कप में पारी की शुरुआत के लिए भेजा जाना चाहिये। महेला के अनुसार लोकेश राहुल लंबे समय से खेल से बाहर हैं ऐसे में उन्हें पारी की शुरुआत में दिक्कत आ सकती है। जयवर्धने का मानना है कि राहुल ने लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और ऐसे में उनके लिए वापसी आसान नहीं रहेगी। उन्होंने कहा, ' राहुल का कम खेलना भारत के लिए चिंता की बात हो सकती है। वह इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के बाद से बाहर थे। ऐसे में उनके लिए क्रीज पर समय जरुरी होगा। उन्हें जितना जल्दी मैच खेलने को मिले और वह जितना समय क्रीज पर बिताते हैं, उससे उनका मनोबल बढ़ेगा। इससे उन्हें और राष्ट्रीय टीम को फायदा मिलेगा।'पूर्व श्रीलंकाई कप्तान के अनुसार अगर राहुल वापसी पर प्रभाव नहीं छोड़ पाते हैं तो भारत को रोहित शर्मा के साथ बाएं हाथ के किसी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत के लिए भेजना चाहिए। ऋषभ ने इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में पारी की शुरुआत की थी। इसलिए वह सबसे बेहतर रहेंगे। जयवर्धने ने कहा, 'पंत ने भले ही घरेलू स्तर पर पर्याप्त मौकों पर पारी की शुरुआत ना की हो लेकिन वह ऐसा करने में सक्षम हैं। वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करें, आप उनका खेल नहीं बदल सकते। वह स्वाभाविक रुप से आक्रामक खिलाड़ी हैं और पारी का आगाज करने के लिए वह एक विकल्प हो सकते हैं।'

पहले ही टी20 में वेस्टइंडीज हारा

सबीना पार्क। वेस्टइंडीज को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले ही मैच में 14 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार कीवी टीम ने तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था। कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाये। कप्तान केन विलियमसन ने 33 गेंद में चार चौके एवं दो छक्के की मदद से 47 रन बनाये। इसके अलावा डेवोन कॉनवे ने 29 गेंद में 43 और जेम्स नीशम ने 15 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये। इसके बाद 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 172 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज की ओर से शमर ब्रूक्स ने 42 रन बनाये। इसके बाद भी वह टीम को जीत दिलाने में विफल रहे। कीवी टीम की ओर से मिशेल सेंटनर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। इस मैच में वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने सीमारेखा के पास एक शानदार कैच पकड़कर सबका ध्यान खींचा है। वेस्टइंडीज की ओर से आठवां ओवर ओडियन स्मिथ ने किया। इस ओवर की तीसरी गेंद पर ही कीवी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने बड़ा शॉट लगाया पर सीमारेखा के पास क्षेत्ररक्षण कर रहे हेटमायर ने एक बेहतरीन कैच पकड़कर सबका ध्यान खींचा।

पेट्रोल, डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

नई दिल्ली। सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल, डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल उछला है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड के भाव में करीब 1 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर बना हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर हो गया है

अमेरिकी ,यूरोपीय बाजारों और एशियाई बाजारों में बढ़त

टोक्यो। अमेरिकी, यूरोपीय और एशियाई बाजारों में तेजी आई है। बाजार में यह बढ़त निवेशकों की जमकर की गयी खरीददारी से आई है। महंगाई में नरमी की वजह से पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेसडेक में 2.89 फीसदी की जोरदार बढ़त आई। वहीं अमेरिका की ही तरह यूरोप में भी ज्यादातर शेयर बाजारों में तेजी रही। जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज गत सत्र में 1.23 फीसदी ऊपर बंद हुआ था। इसके अलावा फ्रांस का शेयर बाजार 0.52 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ, जबकि लंदन स्टॉक एक्सचेंज में 0.25 फीसदी का उछाल आया। वहीं एशियाई बाजारों में भी तेजी का माहौल रहा। बाजार सुबह बढ़त के साथ बंद हुए और अब भी लाभ के साथ ही हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर का स्टॉक एक्सचेंज आज 1.15 फीसदी की बड़ी बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है, जबकि ताइवान का बाजार 1.61 फीसदी ऊपर आया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी भी 1.43 फीसदी की बढ़त पर बना रहा।

जेएमसी प्रोजेक्ट्स को 1,524 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले

मुंबई। जेएमसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (जेएमसी) ने बताया कि उस निर्माण एवं जल क्षेत्र से संबंधित परियोजनाओं के लिए 1,524 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। ऊर्जा एवं अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) की अनुषंगी जेएमसी ने बताया कि एशिया में 1,012 करोड़ रुपये की लागत से एकीकृत हवाईअड्डा विकास से जुड़ी इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण परियोजना भी इन ऑर्डर में शामिल है। इसके अलावा, 370 करोड़ रुपये की जल परियोजनाएं और 142 करोड़ रुपये की इमारत एवं कारखाना परियोजनाएं भी शामिल हैं।

आशीष दुबे / 11 अगस्त 2022

आंकड़ों में पाक खिलाड़ियों पर भारी है भारतीय टीम

मुम्बई। 28 अगस्त को दुबई में होने वाले भारत और पाकिस्तान के मुकाबले पर सभी की नजरें लगी हैं। इस मैच का सभी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस मैच में भारतीय टीम पिछले साल टी20 विश्व कप में पाक के हाथों मिली हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। वहीं पाक टीम भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। एशिया कप के लिए दोनो ही देशों ने अपनी अपनी 15-15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। दोनो ही टीमों के पास स्टार खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम के पास रोहित शर्मा जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। रोहित ने सबसे अधिक 132 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जबकि अन्य कोई खिलाड़ी 100 मैच तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। भारत के 15 खिलाड़ियों ने टी20 में 12530 रन बनाए हैं। इसमें कप्तान रोहित के नाम सबसे अधिक रन हैं। रोहित ने 4 शतक की सहायता से 3487 रन बनाये हैं। वहीं भारतीय गेंदबाजों ने 356 विकेट लिए हैं। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा 79 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरी ओर पाक के 15

खिलाड़ियों ने 486 टी20 मैच खेले हैं। कप्तान बाबर आजम ने सबसे अधिक 74 मैच खेले हैं। टीम के 15 खिलाड़ियों ने मिलकर 7491 रन बनाए हैं। बाबर के नाम सबसे अधिक 2686 रन हैं। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने 242 विकेट लिए हैं। लेग स्पिनर शादाब खान के नाम सबसे अधिक 73 टी20 विकेट हैं। इन आंकड़ों में भारतीय खिलाड़ी पाक खिलाड़ियों पर भारी नजर आ रहे है पर अगर वर्तमान हालात देखें तो पाक टीम कहीं से कमजोर नहीं है। उसके बल्लेबाजों ओर गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कप्तान बाबर आजम अच्छी लय में हैं जबकि गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास शाइन अफरीदी जैसा तेज गेंदबाज है।

एशिया कप के लिए शामिल नहीं किये जाने से निराश नहीं ईशान

नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने से वह निराश नहीं हैं। ईशान का कहना है कि वह आने वाले समय में अच्छी वापसी करेंगे। ईशान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर यह बात कही। 27 अगस्त से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए ईशान के अलावा एक अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भी शामिल नहीं किया गया है। ईशान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक प्रेरणादायक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि टीम में जगह नहीं मिलने के कारण उनपर किसी प्रकार का कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। इस युवा बल्लेबाज ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा - 'कि अब ऐसा बनना नहीं, भले घायल हो जाना। तुझे फूल समझे कोई तो, तू फायर हो जाना। बेल्ला पीछे रहना, मगर सब संभाल।' वह द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नियमित रूप से नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक-एक मैच खेला है. इसके अलावा वह मिले हुए अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में विफल रहे। इसलिए चयनकर्ता और टीम प्रबंधन उनको लेकर आश्वस्त नहीं थे। इसी कारण वह टीम में अपनी जगह नहीं बना पाये।

धोनी ने फील्डिंग और फिटनेस पर दिया सबसे ज्यादा ध्यान : श्रीधर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने फील्डिंग और फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान दिया था जितना बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर दिया। धोनी की इसी नीति के कारण कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम से बाहर होना पड़ा था क्योंकि वे फील्डिंग और फिटनेस में पिछड़ गये थे। धोनी ने पिछले एक दशक में सभी प्रारूपों में भारतीय टीम को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। . धोनी के आने से पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले जैसे महान खिलाड़ी भारतीय टीम में थे पर इसके बाद भी टीम को आईसीसी टूर्नामेंट में संघर्ष करना पड़ रहा था। धोनी ने टीम की कमान संभालते ही भारतीय टीम के रुख को बदल दिया। श्रीधर साल 2014 में धोनी की कप्तानी के दौरान भारत के फील्डिंग कोच बने थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने तब साफ कर दिया था कि फील्डिंग और विकेटों के बीच दौड़ना दो ऐसे क्षेत्र थे, जिनके लिए वह कोई समझौता नहीं करेंगे। इस कारण कुछ अनुभवी खिलाड़ी टीम में जगह बरकरार नहीं रख पाये। धोनी के बाद इसी कड़ी को विराट कोहली ने कप्तान बनते ही आगे बढ़ाया। इसी का परिणाम है कि पिछले कुछ वर्षों में शानदार फील्डिंग प्रयासों से भारतीय टीम को रन बचाने का काफी फायदा मिला है।

रोहित एक साल में सबसे ज्यादा जीत के मामले में नंबर एक पर पहुंचे

नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालते ही टीम में एक नया जोश भर दिया है। इस से टीम लगातार जीत हासिल करती जा रही है। रोहित ने साल 2017 से अबतक 35 मुकाबलों में भारतीय टीम की कप्तानी की है। इसमें टीम को 29 मुकाबलों में जीत मिली है जबकि केवल छह मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा। एक साल के रिकार्ड की बात करें तो पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने एक साल में 15 मुकाबले जीते हैं जबकि विराट कोहली की कप्तानी में उसने 14 जीत दर्ज की है। रोहित की कप्तानी में उसे 16 मुकाबलों में जीत मिली है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत प्रतिशत 82.85 है। भारतीय टीम की टी20 क्रिकेट में धोनी ने सर्वाधिक मुकाबलों में अगुवाई की है। इस दौरान टीम को सर्वाधिक मुकाबलों में जीत मिली। इसके बाद विराट का नाम आता है। कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम ने 2017 से 2021 के बीच 50 मुकाबले खेले हैं।

एशिया कप के लिए घोषित पाक टीम संतुलित नहीं: तौसीफ



लाहौर। भारत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी एशिया कप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में तेज गेंदबाज हसन अली शामिल नहीं किया गया है। हसन के अलावा अनुभवी शोएब मलिक भी बाहर कर दिये गये हैं। टीम चयन के बाद से ही इसकी आलोचना भी शुरु हो गयी है। खेल प्रशंसकों ने हसन अली को टीम में शामिल नहीं करने पर हैरानी जतायी है। वहीं पूर्व गेंदबाज तौसीफ अहमद का कहना है कि पीसीबी की यह टीम संतुलित नहीं है। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ी जो कुछ साल पहले वहां थे। किसी न किसी प्रकार से वापसी कर रहे हैं। जब भी कोई बड़ा टूर्नामेंट सामने आता है उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिनके बारे में पहले कहा जाता था कि तो इन्हें क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इससे साफ है कि आपके पास बैकअप प्लान नहीं है। तौसीफ के अनुसार टीम का पूरा ध्यान केवल भारत के खिलाफ मुकाबलों पर रहता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारी टीम अच्छी हो। हम सोच रहे थे कि वे शोएब को चुनेंगे, क्योंकि आप इस समय केवल इन लोगों को ही याद करते हैं लेकिन हम वास्तव में एशिया कप की परवाह नहीं करते हैं, हम केवल भारत के खिलाफ उन 2 से 3 मैचों की परवाह करते हैं। हमारा रुख केवल केवल भारत के खिलाफ तीन तक सिमट गया है। यह खेलने का सही तरीका नहीं है। आपको योजना के अनुसार खेलना होगा।

दो साल बाद अपना कारोबार संभालने चीन पहुंचे 107 भारतीय कारोबारी

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच बड़े व्यापारिक रिश्ते हैं। चीनी उत्पादों के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। कई भारतीय व्यापारी भी चीन में जाकर अपना कारोबार करते हैं। लेकिन कोरोना ने स्थितियों को काफी बिगाड़ दिया। कोरोना महामारी की शुरुआत में चीन से जो भारतीय वापस देश लाए गए, उनमें से अधिकांश अभी तक भी चीन वापस नहीं जा सके हैं। कोरोना की शुरुआत के बाद से पहली बार भारत से एक विशेष विमान मंगलवार को चीन में उतरा। यह विमान 107 भारतीय व्यापारियों को लेकर चीनी शहर हांग्जो में उतरा। ये भारतीय व्यापारी कोविड के बाद से चीन नहीं जा पाए थे। अपना व्यापार संभालने के लिए वापस चीन पहुंचकर ये लोग काफी खुश हैं। विशेष विमान से चीन पहुंचे ये लोग साल 2020 से ही भारत में फंसे हुए थे। भारत ने कोविड की शुरुआत में विदेशों से अपने लोगों को वापस लाने के लिए वंदे भारत मिशन चलाया था। इसके तहत भारत चीन से भी बड़ी संख्या में भारतीयों को वापस देश लाया था। इसके बाद भारत में तब कोविड प्रतिबंध काफी पहले ही खत्म हो गए। लेकिन चीन में कोविड से जुड़े प्रतिबंध अभी भी लागू हैं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर भी प्रतिबंध लगे हुए थे। चीन पहुंच इन भारतीयों को वहां प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। इन लोगों को 10 दिन तक क्वारंटाइन रहना होगा। इनकी लगातार न्युक्लिक एसिड टेस्टिंग होगी। इसके बाद ही ये भारतीय विवू जा पाएंगे। यहां बता दें कि विवू छोटे प्रोडक्ट्स का ग्लोबल सेंटर है। बड़ी संख्या में भारतीय व्यापरी यहां से थोक में सामान खरीदते हैं। यह शहर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, घरेलू उपकरणों और खिलौनों जैसे उत्पादों का केंद्र है। भारत दूसरा ऐसा देश है, जहां विवू के सबसे अधिक उत्पाद जाते हैं। पीक टाइम में 2,000 से अधिक भारतीय कारोबारी विवू में रहते थे। वहीं खिलौने, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक्स के छोटे और मध्यम आकार के निर्माताओं के लिए विवू बाजार महत्वपूर्ण है।

अडानी की अगली छलांग मेटल सेक्टर में, वेदांता समूह से होगा मुकाबला

नई दिल्ली। देश की दिग्गज कारोबारी और एशिया के सबसे धनाढ्य शख्स गौतम अडानी के व्यवसायिक कौशल का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। गौतम अडानी ने जिस तेजी से अपना कारोबारी साम्राज्य फैलाया है, वह किसी को भी आश्चर्य में डाल सकता है। अब अडानी अपने इस साम्राज्य में एक और बिजनेस जोड़ना चाहते हैं। अडानी ने एल्यूमिना रिफाइनरी लगाने की योजना बनाई है। अडानी एंटरप्राइजेज पूर्वी भारत के राज्य उड़ीसा में एल्यूमिना रिफाइनरी लगाने जा रही है। इसके लिए कंपनी ने 5.2 अरब डॉलर (416.53 अरब रुपए) के निवेश की योजना बनाई है। उड़ीसा के सीएम नवीन पटनायक के कार्यालय से बुधवार को एक ट्वीट किया गया। इस ट्वीट के अनुसार, अडानी एंटरप्राइजेज को रायगडा में रिफाइनरी और कैप्टिव पावर प्लांट बनाने की मंजूरी मिल गई है। अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा लगाई जाने वाली इस एल्यूमिना रिफाइनरी की सालाना

क्षमता 40 लाख टन होगी। एल्युमिना को एल्युमिनियम ऑक्साइड के रूप में भी जानते हैं। यह एल्युमिनियम और ऑक्सीजन का एक केमिकल कंपाउंड है। हालांकि, अडानी एंटरप्राइजेज ने इस रिफाइनरी को लेकर अभी कोई बयान नहीं दिया है। इस साल की शुरुआत में स्टील और कॉपर प्लांट्स की घोषणा के बाद अब ग्रुप मेटल सेक्टर में तेजी से घुसना चाहता है। गौरतलब है कि अडानी एंटरप्राइजेज ने जनवरी में दक्षिण कोरिया की प्रमुख स्टील कंपनी पॉस्को के साथ साझेदारी की घोषणा की थी। इन दोनों की भारत में ग्रीन स्टील मिल लगाने की योजना है। गौतम अडानी ने एक सब्सिडियरी कंपनी मुद्रा एल्युमिनियम लिमिटेड की स्थापना भी की थी। यह बताता है कि गौतम अडानी मेटल सेक्टर को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसमें अपना कारोबार बढ़ाना चाहते हैं। इस समय भारत के मेटल सेक्टर की बात करें, तो इसमें वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड और आदित्य बिड़ला ग्रुप का दबदबा है। अडानी ग्रुप तेजी से अपना कारोबार फैलाया है। ग्रुप ने एग्री ट्रेडिंग और पोर्ट बिजनेस से अपना कारोबार खड़ा किया। इसके बाद एयरपोर्ट, डेटा सेंटर और रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस से ग्रुप अपने कारोबारों में विविधता लेकर आया है। अडानी ने अपने सीमेंट कारोबार को भी तेजी से बढ़ाने का काम किया है। सीमेंट सब्सिडियरी स्थापित करने के बाद अडानी ने होल्सिम लिमिटेड की भारतीय यूनिट्स को खरीदा था।

मारुति ने सेलेरो और डिजायर का सीएमजी मॉडल उतारा, बढ़ी डिमांड

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति कई कारों के लिए सीएनजी ऑप्शन पेश करने पर काम कर रही है। अभी सीएनजी कारों की मांग जबरदस्त बनी हुई है। सीएनजी न केवल सस्ता ऑप्शन है, बल्कि माइलेज देने के मामले में भी अच्छा विकल्प है। मारुति ने इसी साल सेलेरो और डिजायर को लॉन्च करके अपने सीएमजी पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। सेलेरो सीएमजी को जनवरी में 6.58 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया था। जबकि डिजायर सीएनजी को मार्च में 8.14 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया था। सीएनजी ऑप्शन के साथ पेश की जाने वाली मारुति कारों में ऑल्टो, वैगनआर, अर्टिगा और ईको शामिल हैं। कंपनी की ब्रेजा और कुछ नेक्सा रेंज की गाड़ियों को भी सीएनजी में लॉन्च करने का प्लान कर रही है। डिजायर

की तरह ही मारुति स्विफ्ट को भी सीएनजी ऑप्शन वीएक्सआई और जेडएक्सआई वेरिएंट में लॉन्च किया जाएगा। मारुति की सीएनजी गाड़ियां पेट्रोल गाड़ियों के मुकाबले में महंगी होती है। स्विफ्ट वीएक्सआई 5एमटी पेट्रोल और जेडएक्सआई 5एमटी पेट्रोल वेरिएंट की कीमत क्रमशः 6.82 लाख रुपये और 7.50 लाख रुपये है। मारुति डीलरशिप ने 11 हजार रुपये में स्विफ्ट सीएनजी की अन-ऑफिशियल बुकिंग शुरू कर दी है। इसके आने वाले हफ्तों में लॉन्च की संभावना है। इसके अलावा कंपनी नई ऑल्टो के10 को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है, जिसकी बुकिंग ऑफिशियल तौर पर शुरू हो गई है। डिजायर सीएनजी अभी सबसे सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली सीएनजी सेडान है, जो 31.12 किमी/किलोग्राम का माइलेज देती है। स्विफ्ट सीएनजी के और भी ज्यादा माइलेज लगभग 30-35 किमी/किलोग्राम देने की उम्मीद है।

स्कॉर्पियो क्लासिक 12 अगस्त को होगी लांच, पहले की तरह ही रहेगा धांसू डिजाइन

मुंबई। भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है, कि नई स्कॉर्पियो क्लासिक 12 अगस्त को लांच होगी। महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक अनिवार्य रूप से पुरानी स्कॉर्पियो का एक नया अपडेट मॉडल है। इस दो वेरिएंट में पेश किया जाएगा और हाल ही में लांच किए गए महिन्द्रा स्कॉर्पियो-एन के साथ बेचा जाएगा, जो एक ज्यादा प्रीमियम एसयूवी है। इसकी कीमत 11.99 लाख रुपये से 23.90 लाख रुपये, एक्स-शोरूम है। नई स्कॉर्पियो क्लासिक डीलरशिप पर पहुंचनी शुरू हो गई है। पुराने मॉडल के मुकाबले इस एसयूवी में भी काफी बदलाव किए गए हैं। हालांकि, डिजाइन के मामले में स्कॉर्पियो क्लासिक पहले की तरह ही रहेगी। इसके फ्रंट में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जैसे फ्रंट में छह वर्टिकल क्रोम स्लैट्स के साथ एक नया ब्लैक-आउट ग्रिल और बीच में महिंद्रा के नए 'ट्विन पीक्स' लोगो देखने को मिलेगा। इस मिड-साइज एसयूवी में नए डुअल-टोन अलॉय व्हील्स के साथ री-स्टाइल बंपर और फॉग लैंप असेंबली भी मिलेगी। इसका रियर प्रोफाइल लगभग पहले की तरह ही रहेगा। अंदर की तरफ नई स्कॉर्पियो क्लासिक में डैशबोर्ड पर पियानो ब्लैक इंसर्ट और सेंट्रल कंसोल पर डार्क वुडन फिनिश मिलेगा। इसमें एंड्रॉइड-बेस्ड टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, नए टच सेंसिटिव कंट्रोल और बहुत कुछ मिलने की उम्मीद है। नई महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक में पहले की तरह 2.2-लीटर एमहॉक डीजल इंजन होगा, जो पिछले मॉडल में भी काम करता था। यह 136 बीएचपी और 319 एनएम पीक टॉर्क विकसित करता है। इंजन को केवल 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स से जोड़ा जाएगा और इस आरडब्ल्यूडी सेट-अप के साथ पेश किया जाएगा। इसमें री-ट्यून सस्पेंशन भी मिलेगा। नई महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक की कीमतों की घोषणा इस महीने के अंत तक होने की उम्मीद है।

दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर

दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। सुहाना ने अपनी दो फ्रेंड्स के साथ तस्वीरें और एक वीडियो भी शेयर किया है। इन तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट करते हुए सुहाना ने लोगों का ध्यान खींचने वाला कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा कि पीचेस एंड द बिग एप्पल। सुहाना की ये तस्वीरें न्यूयॉर्क की हैं। वह इस समय अपनी फ्रेंड्स के साथ अपने कॉलेज के दिनों को भरपूर इंजॉय कर रही हैं। इन तस्वीरों में वह पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस में काफी खूबसूरत दिख रही हैं और फैन्स भी उनके इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। सुहाना और उनके फ्रेंड्स की इन तस्वीरों पर उनके अन्य कॉमन फ्रेंड्स भी कॉमेंट करते नजर आए हैं। सुहाना की बेस्ट फ्रेंड्स में से एक शनाया कपूर भी बॉलिवुड में एंट्री करने जा रही हैं और इसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जाहिर की थी।

एली अवराम ने शूटिंग के दौरान गिफ्ट में मिले मौजे दिखाए

अभिनेत्री एली अवराम ने सोशल मीडिया पर 'सेक्सी च्र्की सॉक्स' का नया जोड़ा दिखाया, जो उन्हें 'हर फन मौला' गाने की शूटिंग के दौरान गिफ्ट किया था। इंस्टा पर पोल्का-डॉटेड मोजे की एक तस्वीर साझा करते हुए एली ने लिखा, जब मुझे हर फन मौला शूट के दौरान सेक्सी च्र्की मोजे की एक जोड़ी गिफ्ट की गई थी! आमिर खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एली ने 14 मार्च को अभिनेता के जन्मदिन पर एक इंस्टाग्राम पोस्ट लिखा, वास्तव में मुझे देखने के लिए धन्यवाद, मेरी प्रतिभा की सराहना करते हुए और मुझे सिल्वर स्क्रीन पर अपने साथ जादू पैदा करने का यह मौका दिया! आप वास्तव में एक पूर्णतावादी हैं और आपसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। आपने मुझे जो खूबसूरत यादें दी हैं, उसके लिए धन्यवाद। आप हमेशा साथ चमकते रहें। एली ने आगामी फिल्म कोई जाने ना में बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान के साथ डांस नंबर में अभिनय किया। इसे आमिर की लगान के सह-कलाकार अमीन हाजी ने निर्देशित किया है।

कोरोना के मामले बढ़ने के चलते बंटी और बबली 2 की रिलीज डेट स्थगित

रानी मुखर्जी और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म बंटी और बबली 2 की रिलीज तारीख को कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह फिल्म पहले 23 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। फिहलाल अभी फिल्म के रिलीज की नई तारीख की अभी घोषणा नहीं हुई है। तरण आदर्श ने ट्वीट कर फिल्म की रिलीज डेट टलने की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है जिसमें लिखा है, बंटी और बबली जो कि सिनेमाघरों में 23 अप्रैल 2021 को रिलीज होनेवाली थी, यह पोस्टपोन हो चुकी है। यशराज फिल्म्स की तरफ से जल्द ही नई डेट की घोषणा की जाएगी। बंटी और बबली 2 2005 की हिट फिल्म बंटी और बबली की अगला पार्ट है। जिसमें रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया है। सीक्वल में सिद्धांत चतुर्वेदी और शारवरी वाघ भी हैं। पहला पार्ट हास्य, नाटक, मेलोड्रामा, रोमांस और संगीत पर अधिक चली और दर्शकों द्वारा प्यार की बौछार की गई। अगला पार्ट यह पारिवारिक फिल्म है, जो लोगों को हंसाने वाली है। बंटी और बबली 2 का निर्देशन वरुण वी शर्मा ने किया है।

समीर सोनी आत्म खोज पर लिख रहे किताब

अभिनेता समीर सोनी लेखक के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह चिंता और आत्म-खोज के बारे में माई एक्सपेरिमेंट्स विद साइलेंस नामक पुस्तक लिख रहे हैं। किताब को इस वर्ष रिलीज किया जाएगा। सोनी किताब में दिल्ली में अपने अनुभवों, वाल स्ट्रीट में बिताए अपने कार्यकाल और बॉलीवुड में गुजारे समय के अपने अनुभव के बारे में लिखेंगे। लंबे समय से, एक नोटबुक और एक कलम मेरे सबसे करीबी साथी रहे हैं।

हॉलीवुड में फिल्म बनाने की तैयारी में नीतू चंद्रा



नीतू चंद्रा ने हाल ही में सोनी माशन पिक्चर्स की 'नेवर बैक डाउनः रिवॉल्ट' में लीड रोल निभाकर फिर से सुर्खियां बटोरीं. अब नीतू की किट्टी में आगे क्या है क्या वह एक फिल्म का निर्माण करेंगी या फिर एक और हॉलीवुड फिल्म बॉलीवुड में छह फिल्में छिनने के बाद उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया था जहां उन्हें लगातार काम मिल रहा है. फैंस को लगने लगा है कि नीतू का हॉलीवुड करियर अगर ऐसे ही चलता रहा तो वो जल्दी है प्रियंका चोपड़ा की तरह हॉलीवुड में नई बुलंदियां छू लेंगी. एक सूत्र के अनुसार,नीतू लॉस एंजिल्स में कई निर्देशकों और प्रोडक्शन हाउस के साथ बातचीत कर रही हैं. उनके लिए कुछ बहुत बड़ी योजना बनाई जा रही है! जाहिर है, पहले की फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें विभिन्न परियोजनाओं में एक पसंदीदा विकल्प बना दिया है. यही वजह है कि नीतू स्क्रिप्ट पढ़ने और साथ ही कुछ कहानियां सुनकर खुद को व्यस्त रख रही हैं. नीतू ने ओए लकी ओए, ट्रैफिक सिग्नल, गरम मसाला, रण जैसी कुछ फिल्मों में काम किया. बिहार की पहली अभिनेत्री जिसने हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउन' में प्रमुख किरदार निभाया है, नीतू अब 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' में एक फीडम फाइटर की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगी. नीतू चंद्रा ने बताया कि वह अपनी हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' की शूटिंग पूरी करके वापस आ चुकी हैं. यह फिल्म जून-जुलाई में रिलीज होगी. नीतू ने हॉलीवुड में लीड रोल पाने के बाद बॉलीवुड के उन लोगों के चेहरे पर करारा तमाचा मारा है जिन्होंने उनसे बैक टू बैक 6 फिल्में छीन ली थी. अब नीतू के हाथ 3 और हॉलीवुड फिल्में मिल गई हैं. उन्होंने बताया है कि उनसे बॉलीवुड में लगातार 6 फिल्में छीन ली थी. यहां उनके टैलेंट की कदर नहीं की गई मगर हॉलीवुड ने उनके टैलेंट को पहचाना और उन्हें काम करने का मौका दिया. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में मेरा कोई गॉड फादर नहीं रहा है, मुझे मेरी मेहनत और टैलेंट के दम पर काम मिला है. भगवान की कृपा से साल 2021 मेरे लिए अच्छा साबित होने वाला है. इस साल मेरी हिंदी फिल्म भगवना भरोसे भी रिलीज होने वाली है. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में कभी मेरे टैलेंट की कदर नहीं की गई. मेरी कोई गलती नहीं थी।

मैं अपना खुद का एक सौंदर्य मानक बनाना चाहती हूं : भूमि पेडनेकर

फिल्म 'दम लगा के हईशा' में एक ओवरवेट लड़की का किरदार निभाने से लेकर फिल्म 'सोनचिरैया' में पितृसत्ता से जूझ रही एक शानदार किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि वह सर्वोत्कृष्ट बॉलीवुड अभिनेत्री की छवि का पालन करने से इनकार करती हैं। भूमि ने कहा कि वह इन भूमिकाओं के माध्यम से महिलाओं के बारे में लोगों के सोचने के तरीके को बदलना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, कई लोगों के लिए, यह हमेशा बाहरी शारीरिक सुंदरता के बारे में ही रहा है। लेकिन वे दिन गए, जब लोग चिंतित थे (केवल उसी के बारे में)। मेरी सोच यह है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं आपकी परिभाषा बदलने जा रहा हूं कि आखिर सर्वोत्कृष्ट हिंदी सिनेमा की एक महिला कलाकार क्या होती है। वह कहती हैं, हम सभी इस पेशे में हैं ङ्क विचार यह है कि इन सभी अलग-अलग हिस्सों का प्रदर्शन किया जाए और इन अद्भुत कहानियों का हिस्सा बना जाए, जो लोगों को आगे बढ़ाते हैं, एक बदलाव लाते हैं। ठीक यही मैं करने जा रही हूं। भूमि कहती हैं कि वह महिलाओं के लिए निर्धारित सौंदर्य मानक को स्वीकार करने से इनकार करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना खुद का एक सौंदर्य मानक बनाना चाहती हूं और ठीक यही मैं करने की कोशिश कर रही हूं।

तूफान के लिए दो साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं फरहान, एक पुराना वीडियो किया शेयर!

फरहान अख्तर जल्द ही आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म तूफान में एक बॉक्सर की भूमिका में नजर आएंगे। वही, टीजर रिलीज के बाद से ही इस फिल्म ने जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। 2 साल पहले का एक थ्रोबैक वीडियो साझा करते हुए जब उन्होंने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। फिल्म में फरहान अख्तर डोंगरी से एक गुंडे की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे जो एक राष्ट्रीय मुक्केबाज बनने का सफर तय करता है। निस्संदेह, अभिनेता लंबे समय से इस किरदार के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं, यही वजह है कि उन्हें अपने द्वारा निभाये गए किरदारों के प्रति अपने समर्पण के लिए जाना जाता है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी, राकेश ओमप्रकाश मेहरा और फरहान अख्तर द्वारा किया गया है। तूफान का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है जिसमें फरहान अख्तर ने अभिनय किया है।

ग्रीन आउटफिट में दीपिका पादुकोण लगीं बेहद स्टनिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण साड़ी, लहंगा, बेल बॉटम पैंट्स हो या फिर कोई ड्रेस. इंडियन हो या वेस्टर्न वह हर स्टाइल में बेहद खूबसूरती लगती हैं. दीपिका अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती हैं. हाल ही में उन्होंने ग्रीन आउटफिट में एक मजेदार कैप्शन के साथ फोटो शेयर की है. इस फोटो में दीपिका हमेशा की तरह बला की खूबसूरत लग रही हैं. दीपिका का फैशन सेंस कमाल हैं. वह फैशनिस्टा के बीच अपने स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर हमेशा पॉपुलर रहती हैं. फिर चाहे उनका कैजुअल लुक हो या रेड कार्पेट लुक. इसके अलावा दीपिका सोशल मीडिया पर दिलचस्प कैप्शन के साथ फोटोज शेयर करने में भी माहिर हैं. उनके फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाते हैं. दीपिका ने हाल ही में ग्रीन आउटफिट पहने अपनी एक फोटो शेयर की है. इस फोटो को शेयर करते हुए दीपिक ने मजेदार कैप्शन लिखा है. उनकी इस फोटो को फैंस ने खूब पसंद किया है. दीपिका ने ग्रीन कलर का क्रॉप टॉप पहना है. एक्ट्रेस ने टॉप को ग्रीन कलर के वाइड लेग्ड लेदर पैंट्स के साथ पेयर अप किया है. एक्ट्रेस ने अपने आउटफिट से मैच करते हुए ग्रीन और व्हाइट स्नीकर्स पहने हैं. एक्ट्रेस ने टोन्ड मेकअप करते हुए ग्लैम टच दिया है. उन्होंने आंखों को स्मोकी लुक देते हुए चीक्स को हाइलाइट किया है और न्यूड लिपस्टिक लगाई है. वहीं, वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह के साथ 83 में नजर आएंगी. इसके अलावा वह शगुन बत्रा की अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आएंगी।

अगर आप भी है टैटू बनवाने के शौकीन, तो टैटू बनवाते वक्त ध्यान रखें ये बातें!

आपने देखा होगा की बहुत से लोग शरीर पर टैटू बनवाने के बहुत शौकीन होते है। खासतौर पर आजकल के युवाओं को टैटू का बहुत ही क्रेज होता है। आपको ये तो पता ही होगा कि एक छोटे से टैटू को भी बनवाने में हमारे शरीर को काफी दर्द सहन करना पड़ता है। लेकिन उससे इतर आजकल लोग बिना दर्द की परवाह किए अपने शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों पर टैटू गुदवा रहे हैं। यदि आपने भी भी अपने शरीर के किसी अंग पर टैटू गुदवाया है या फिर टैटू गुदवाने की सोच रहे हैं तो आपको बता दें कि खुबसूरत दिखने की चाहत में टैटू गुदवाने का यह शौक आपको काफी महंगा पड़ सकता है। आज हम आपको बताने जा रहे है इसकी वजह से होने वाली कुछ बीमारियों के बारे में। साथ ही हम आपको ये भी बताएंगे कि टैटू गुदवाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। तो आइए जानते हैं..

1. टैटू बनवाने के शौक है लेकिन कई बार कुछ लापरवाही के चलते टैटू बनवाना भारी पड़ जाता है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी रखकर आप इससे बच सकते हैं।
2. टैटू बनवाने के बाद इस बात का ध्यान रखें की खुद को और जहां टैटू बनवाया है उसके धूप से बचाएं। ज्यादा समय तक धूप में रहने से घावों में जलन बढ़ जाती है। इसके आलाव पसीना ज्यादा आने से भी घाव में इफेंक्शन होने का डर रहता है। इसके लिए खुद को एक से दो हफ्तों तक टैटू को धूप से बचाएं।
3. ध्यान रहें टैटू वाले हिस्से को साफ कपड़े या टिशू से साफ करते रहें। साफ ठंडा पानी डालते रहे इससे हो रही जलन में आराम मिलेगा।
4. इसके अलावा अगर बाहर जा रहे हैं तो अच्छी कंपनी का सनस्क्रीन उस हिस्से पर लगाएं। साथ ही बिना खुशबू वाला माश्चराइजर भी लगा सकते हैं।
5. वहीं अगर टैटू बनवाते समय अगर कोई छाला हो जाता है तो इसके लिए ठंडे पानी की छींटे डालते रहें। आइसपैक लगाएं, इससे छाले पर आराम मिलेगा।
6. अगर पैरों में टैटू बनवाया है तो सही तरह के जूतें रहने हालांकि गर्मियों में शूज पहनना संभव नहीं है लेकिन ऐसे जूते पहनने से भी बचे जिससे टैटू सीधे धूप के संपर्क में आता हो।
7. टैटू बनवाने के कुछ समय तक जब तक उसके घाव पूरी तरह ना भर जाएं, पानी से बचें। इससे मतलब है कि स्वीमिंग पूल, बोटिंग जैसी खेलों से बचें जहां पानी का ज्यादा इस्तेमाल हो। इससे इंस्फेक्शन का खतरा रहता है।

चेहरे पर आ गए हों अनचाहे बाल तो हटाने के लिए घर पर ही बनाएं नेचुरल वैक्स

महिलाएं खुद को खूबसूरत दिखाने के लिए कई उपाय करती हैं। इसके साथ ही वो पार्लर में भी अपने चेहरे पर हजारों रुपए खर्च करने से नहीं कतराती हैं। महिलाएं चेहरे के बालों को हटाने के लिए पार्लर जाकर वैक्स का सहारा लेती हैं। जिसमें कुछ दिक्कतें और पैसों की भी बर्बादी होती है। महिलाओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए हम इसका घरेलू समाधान लेकर आए हैं। जिसके इस्तेमाल से आप बेहद आसानी और कम समय में चेहरे के बालों की समस्या से निजात पा सकती हैं।

सामग्री: चीनी- 6 टेब्लस्पून, शहद- 2 टेब्लस्पून, पानी- 3 टेब्लस्पून, नींबू का रस- 1/2 चम्मच

विधि: वैक्स बनाने की घरेलू विधि में सबसे पहले इन सभी चीजों को बर्तन में डालकर धीमी आंच पर चीनी घुलने तक गर्म करें। इन सामग्री को गर्म करते हुए चलाते रहें। तैयार है आपका घरेलू वैक्स। जिसे आप कटोरी में डालकर तुरंत इस्तेमाल कर सकते हैं।

अक्षुण्ण एकता की मिसाल है 'हर घर तिरंगा'

स्वतंत्रता दिवस का त्यौहार आजादी का द्योतक है। भारत में वर्ष 2022 में 76वाँ स्वतन्त्रता दिवस मनाया जा रहा है। यह आजादी की 75वीं वर्षगाँठ है। स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे हो गए। 15 अगस्त 1947 को भारत में प्रथम स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। स्वतंत्रता दिवस 2022 की थीम/विषय है- ÷हर घर तिरंगा÷। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया एक अभियान ÷हर घर तिरंगा÷ वर्ष 2022 के स्वतन्त्रता दिवस को खास बनाता है। इस अभियान के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक देश भर में 20 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान हमारे तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान दिखाने के लिए है, जो हमारे राष्ट्र के लिए एक गौरव का प्रतीक है। इंडियन फ्लैग कोड (फ्लैग कोड, 2002) के मुताबिक नेशनल फ्लैग तिरंगा को केवल दिन में ही फहराने की अनुमति थी। शाम होने के साथ ही इसे उतार लिया जाता था। वर्ष 2022 में केंद्र की मोदी सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान के लिए फ्लैग कोड के नियमों में बदलाव किया है, जिसके मुताबिक अब दिन और रात दोनों में तिरंगा झंडा फहराया जा सकता है। इसके लिए 20 जुलाई, 2022 को भारतीय झंडा संहिता 2002 में संशोधन किया गया है। फ्लैग कोड में एक और बड़ी तब्दिली करते हुए सरकार ने पॉलिस्टर और मशीन के झंडों को भी मंजूरी दे दी है। इसके पहले केवल हाथ से बनाए गए कपास, ऊन और रेशमी खादी के झंडों को फहराने की अनुमति थी। तिरंगा फहराने को लेकर कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए - 1. किसी भी दूसरे झंडे को नेशनल फ्लैग से ऊंचा या बराबर नहीं फहराया जाना चाहिए। 2. फटा हुआ या गंदा तिरंगा कभी न फहराएं और अगर फहराने के बाद भी यह फट जाए तो इसे उतार लेना चाहिए। 3. तिरंगे को हमेशा पूरे आदर और जोश के साथ फहराया जाता है और धीरे-धीरे उतारा जाता है। इसको कभी जमीन पर स्पर्श नहीं कराना चाहिए। तिरंगा, राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। भारत के राष्ट्रीय ध्वज की ऊपरी पट्टी में केसरिया रंग है जो देश की शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का प्रतीक है। निचली हरी पट्टी उर्वरता, वृद्धि और भूमि की पवित्रता को दर्शाती है। राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का अशोक चक्र स्थित होता है। अशोक चक्र की 24 तीलियों से ही मनुष्य के लिए बनाये गए 24 धर्म मार्ग की तुलना की गई है। इसलिए इन्हें मनुष्य के लिए बनाये गए 24 धर्म मार्ग भी कहा जाता है। इन 24 तीलियों का मतलब क्रमशः इस प्रकार है- संयम, आरोग्य, शांति, त्याग, शील, सेवा, क्षमा, प्रेम, मैत्री, बन्धुत्व, संगठन, कल्याण, समृद्धि, उद्योग, सुरक्षा, नियम, समता, अर्थ, नीति, न्याय, सहकार्य, कर्तव्य, अधिकार, बुद्धिमत्ता। किसी भी राष्ट्र का ध्वज उस राष्ट्र की अभिव्यक्ति का आधार होता है। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना बिना राष्ट्र के संभव नहीं है। राष्ट्रीय ध्वज को समझना है तो पहले राष्ट्र को समझना होगा। राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र एक दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्र शब्द अंग्रेजी के शब्द नेशन का एक अनुवाद है। नेशन शब्द लैटिन भाषा के नेशीऊ शब्द से लिया गया है। लैटिन में, नेशीऊ शब्द का अर्थ जन्म या जाती है। राष्ट्र, भूमि का टुकड़ा नहीं होता है। राष्ट्र बहुत से लोगों का समूह होता है। वह समूह जिसमे सभी लोग एक केंद्र बिंदु को अपना मानकर आपस में एक जुड़ाव महसूस करते हैं। देश के बाहर रहने वाले लोगों का जुड़ाव यदि इस केंद्र बिंदु से है तो ये लोग भी राष्ट्र के दायरे में आएँगे।

वायसराय पर हुए बम विस्फोट से काँप उठा ब्रिटिश साम्राज्यवाद, चार क्रांतिकारियों ने हँसते हुए दी शहादत

नरेन्द्र सहगल

बीसवीं सदी के दूसरे दशक के प्रारंभ होते ही विश्वयुद्ध के बादल मंडराने लगे। इन बादलों ने भारत पर अपनी अधिनायकवादी हुकूमत थोपने वाले इंग्लैंड के अस्तित्व पर सवालिया निशान लगा दिया। देश और विदेश में सक्रिय भारतीय क्रांतिकारियों ने इस अवसर पर भारत में 1857 की तरह का ही एक स्वतंत्रता संग्राम छोड़ने की तैयारियां शुरू कर दीं। इस संभावित देशव्यापी स्वतंत्रता संग्राम के संचालन के लिए पर्याप्त धन एवं हथियारों की व्यवस्था भी कर ली गई। इस सशस्त्र क्रांति को सफलतापूर्वक संचालित तथा नियंत्रित करने के लिए गुप्त ठिकानों का चयन भी कर लिया गया और क्रांतिकारियों द्वारा किए जाने वाले गुरिल्ला हिंसक तौर-तरीकों की श्रृंखला भी निश्चित कर ली गई।

विश्व युद्ध की आशंका से घबराकर अंग्रेजों ने अब कलकत्ता के स्थान पर दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने का फैसला कर लिया। समुद्र के किनारे स्थित कलकत्ता में वैसे भी अंग्रेजी शासन के विरुद्ध रोष अपनी चरम सीमा पर था। रोज-रोज के बम विस्फोटों से तंग आ चुके थे ब्रिटिश शासक। इस भयानक परिस्थिति से निपटने के लिए जॉर्ज पंचम को भारत भेजा गया। 12 दिसंबर को दिल्ली में जॉर्ज पंचम के स्वागत के लिए एक बड़ा समारोह किया गया। इस वैभवशाली शो में ऐसा प्रदर्शन किया गया मानो भारत में पूर्ण शांति है और दिल्ली वासी ब्रिटिश शासन से प्रसन्न और सुखी हैं। इस तरह सहानुभूति एवं सद्भावना का वातावरण निर्माण करने का विफल प्रयास किया गया। क्रांतिकारियों ने इसे देश का अपमान समझा।

क्रांतिकारी कोई बड़ा धमाका करके संसार को यह जताना चाहते थे कि भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ा जा रहा स्वतंत्रता संग्राम समाप्त नहीं अपितु तीव्र होता जा रहा है। 3 दिसंबर 1912 को भारत के वायसराय लॉर्ड हार्डिंग एक बड़े लाव लश्कर के साथ दिल्ली में प्रवेश करने वाले थे। वायसराय के स्वागत के लिए दिल्ली को सजाया गया। सरकार इस अभूतपूर्व एवं भव्य प्रदर्शन से बताना चाहती थी कि शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ना पूर्णतया असंभव है। वायसराय को एक बग्गी में बिठाकर एक बड़े जुलूस का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में तोपों, बंदूकों, एवं अन्य हथियारों से लैश सेना एवं पुलिस की टुकडियां चल रहीं थीं। हजारों अंग्रेज भक्त दिल्ली निवासी प्रदर्शन में चल रही थे।

देशभक्त क्रांतिकारियों को यह अंग्रेजी तमाशा चुनौती दे रहा था। वे भी संसार को यह जानकारी देना चाहते थे जब तक भारत अंग्रेजों के पाश से मुक्त नहीं हो जाता भारतवासी पूरी ताकत के साथ लड़ते रहेंगे। अतः अंग्रेजों द्वारा क्रांतिकारियों को डराने और देशवासियों पर अपनी शक्ति की धाक जमाने के लिए दिल्ली में शानदार समारोह आयोजित किया जा रहा था। लॉर्ड हार्डिंग चारों ओर हो रही अपनी जय जयकार से फूला नहीं समा रहा था। उसे लग रहा था कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद अमर/अजर है।

तभी एक जोरदार धमाका हुआ। भव्य जुलूस के चांदनी चौक में पहुंचते ही निकटवर्ती इमारत में छुपे बैठे एक क्रांतिकारी वसंत कुमार ने लार्ड पर बम फेंक दिया। लार्ड बुरी तरह से घायल होकर गिर गया परंतु बच गया। उसका अंगरक्षक वहीं मारा गया। इस तरह प्रदर्शन, जुलूस और भव्य स्वागत की धज्जियाँ उड़ गईं। सारे सरकारी तमाशे पर पानी फिर गया। धमाके से मची भगदड़ में बहुत से तमाशबीन लोग घायल हो गए।

अंग्रेजों की सेना और पुलिस ने दिल्ली को चारों ओर से घेर कर बम फैंकने वालों की तलाश करना शुरू किया। घरों में घुस-घुस कर तलाशी अभियान चलाया गया। लाख सिर पटकने के बाद भी सरकार को कुछ भी हाथ नहीं लगा। बम फैंकने वाले सुरक्षित भाग गए। यह घटना ब्रिटिश शासकों के लिए एक सन्देश मात्र था कि आने वाले दिनों में जगे-आजादी और ज्यादा तेज होकर कर पूरे देश में फैल जाएगी। यह सारी योजना उन्हीं रासबिहारी बोस ने बनाई थी जिन्होंने आगे चलकर आजाद हिंद फौज का निर्माण किया था। दिल्ली के चांदनी चौक में वायसराय के ऊपर गिराए गए बम की आवाज अभी अंग्रेजों के दिल और दिमाग में गूँज ही रही थी कि क्रांतिकारियों ने 13 मई 1913 को लारेंस बाग़ में हो रहे अंग्रेजों के एक विशाल सम्मेलन में बम का धमाका कर दिया। इसके कुछ ही दिनों बाद भीड़भाड़ वाले इलाकों मट्टेश्वर, नैमन सिंह और मौलवी बाजार में भी क्रांतिकारियों ने बम के भारी विस्फोट कर दिए। सरकार परेशान हो गई की बम कहां बनते हैं? कौन बनाता है? कौन किसके मार्गदर्शन में इसका इस्तेमाल करता है? इन प्रश्नों के उत्तर के लिए सरकार ने जासूसों का जाल बिछा दिया। सरकार को पता चल गया कि बम की सभी घटनाओं का मार्गदर्शक और संचालक रासबिहारी बोस है। अतः पुलिस बोस को पकड़ने के लिए उनके मकान पर गई तो रासबिहारी तो चकमा देकर भाग गए परंतु उनके घर की तलाशी लेने पर पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिल गए। बोस के घर से कुछ बम और क्रांतिकारी पर्चे भी मिले। इसी जानकारी के आधार पर बम विस्फोट की कार्यवाही में शामिल मास्टर अमीरचंद, अवध बिहारी और सुल्तान चंद पकड़े गए। पुलिस के हाथ एक ऐसा पत्र मिला जो अवध बिहारी द्वारा अपने ही साथी दीनानाथ को लिखा गया था।

दो-चार दिन की भागदौड़ के बाद यह दीनानाथ भी दबोच लिया गया। इस डरपोक क्रांतिकारी ने बम विस्फोट के सारे पत्ते खोल दिए। इसी तरह मास्टर अमीरचंद के गोद लिए पुत्र सुल्तान चंद ने भी बम विस्फोट के सारे रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया। दरअसल यह दोनों अधकचरे क्रांतिकारी पुलिस द्वारा दी गई यातनाओं को सहन नहीं कर सके। इन दोनों की गद्दारी की वजह से लॉर्ड हार्डिंग पर हुए बम विस्फोट के सारे सूत्र सरकार के हाथ लग गए। परिणामस्वरूप इस दल के अन्य क्रांतिकारी बालमुकुंद, लाला हनुमंत सहाय, चरणदास, बलराज भी गिरफ्तार कर लिए गए। इन सभी क्रांतिकारी देशभक्तों को जेल में यातनाएं देने के लिए अंग्रेजी सिलसिला प्रारंभ हो गया। सरकार इनसे बम विस्फोट के असली सूत्रधार रासबिहारी बोस को पकड़ना चाहती थी। परंतु सरकारी गुर्गों को बहुत शीघ्र पता चल गया कि यह तो फौलादी क्रांतिकारी हैं और स्वतंत्रता संग्राम में स्वयं की इच्छा से इस जोखिम भरे मार्ग पर चले हैं। यही इनकी मोक्ष प्राप्ति का साधन है।

तरह-तरह की यातनाएं देकर उनके मुंह से क्रांति की पृष्ठभूमि को उगलवाने में विफल रहे पुलिस अफसरों ने 13 अभियुक्त क्रांतिकारियों पर कत्ल, डाका, विस्फोट, राजद्रोह की प्राय सभी धाराएं लगाकर अभियोग चला दिया। आश्चर्यचकित करने वाले अनेक उदाहरण सामने आए। स्वार्थ लालच और गद्दारी किस हद तक जा पहुंचती है इसका अनुमान उस समय लग गया जब मास्टर अमीरचंद का अपना गोद लिया बेटा सुल्तान चंद ही अपने पिता के खिलाफ गवाही देने लगा। अपने पिता को फांसी के तख्ते तक ले जाने वाला यह कुपूत्र सुल्तान चंद बाद में मुखबिरी के पैसे के साथ दिल्ली में मौज मस्ती करता रहा।

जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है। अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है। कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है। सहयोग व सद्भाव अर्जित करने के लिए ईमानदारी प्रमुख आधार है। इसे अपने व्यवसाय में अपनाकर अनेक लोगों ने छोटी स्थिति से उठकर बड़ी सफलता पाई है। बड़े उत्तरादायित्वों को उपलब्ध करने और उसका निर्वाह करने में ईमानदार ही सफल होते हैं।

सावरकर के शिष्य मदन लाल ढींगरा के द्वारा लंदन तक जा पहुंची क्रांति की ज्वाला

भारतमाता को गुलामी की जंजीरों में जकड़ने वाले ब्रिटिश शासकों के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति की आग की लपटें इंग्लैंड तक जा पहुँचीं। भारतीयों पर किये जा रहे अत्याचारों की जड़ें तो वास्तव में इंग्लैंड की राजधानी लंदन में ही थीं। भारत और भारतीयता को शक्ति से दबाकर समाप्त करने और अंग्रेजों की हुकूमत को मजबूत करने के लिए ही अंग्रेज शासक, प्रशासनिक अधिकारी और सैन्य व पुलिस अफसर सभी लंदन से ही प्रशिक्षण लेकर आते थे और 15-20 वर्षों तक भारतीयों पर तरह-तरह के जुल्म करने के बाद वापस लंदन में जाकर अपनी शेष जिंदगी ऐशो-आराम के साथ जीते थे। इन अत्याचारी अंग्रेजों को उनके घर में ही सजा देने के लिए भारतीय देशभक्त युवा तैयार हो गए। लंदन में अध्ययन के लिए गए अनेकों युवकों ने सशस्त्र क्रांति की अलख जगा देने का सफल प्रयास किया। कुछ होनहार कुशाग्र बुद्धि वाले तथा कुशल संगठनकर्ता छात्रों ने अपना समस्त जीवन इस पवित्र कार्य में अर्पित करने का दृढ़ निश्चय करके लंदन में सशस्त्र क्रांति का श्रीगणेश कर दिया। श्यामजी कृष्ण वर्मा, रास बिहारी बोस, अरविंद घोष, लाला हरदयाल, सेनापति बापट तथा सावरकर जैसे प्रतिभाशाली युवकों ने कई प्रकल्प स्थापित करके चतुर अंग्रेजों को चुनौती दे दी। यह सभी युवक भारत के संपन्न शिक्षाविद और ऊंचे पदों पर काम करने वाले परिवारों से सम्बन्ध रखते थे।

लंदन में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित संस्था भारत भवन के कार्यालय में इन युवकों ने बहुत ही अनुशासित और व्यवस्थित ढंग से अपनी गतिविधियों को अंजाम देना प्रारंभ किया। भारत भवन में भारत के गौरवशाली अतीत, पतन के कारण और समाधान जैसे विषयों पर चर्चा होते रहती थी। फ्रांस में अध्ययन कर रहे भारतीय छात्रों को भी इस भारत भवन के साथ जोड़ लिया गया। विनायक दामोदर सावरकर इस भारत भवन के सक्रिय संचालक थे। इसी भारत भवन में एक विद्यार्थी था मदन लाल धींगरा। भारत भवन के मुख्य संचालकों विशेषतया सावरकर ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के मूल स्थान लंदन में ही कोई प्रचंड प्रहार पर विचार किया। भारत में अमृतसर जिले में रहने वाले युवा छात्र मदन लाल ने यह काम करने के लिए अपने को प्रस्तुत किया। इसने सावरकर से आदेश की प्रार्थना की। एक रात मदन लाल और सावरकर भारत भवन में एकांत में बैठे थे। तभी सावरकर ने मदन लाल को अपना बांया हाथ मेज पर रखने को कहा। जैसे ही मदनलाल ने अपना बायां हाथ मेज पर रखा, सावरकर ने तीखा चाकू (सुवा) उसके हाथ पर मार दिया। हाथ से खून बहने लगा। मदनलाल ने मुस्कुराकर सावरकर की और देखा। सावरकर ने मदन लाल को सीने पर लगाकर कहा - तुम्हारी परीक्षा हो गई। तुम वीरतापूर्वक किसी क्रांतिकारी काम को कर सकते हो। योजनानुसार मदन लाल अंग्रेज अफसरों द्वारा चलाए जा रहे एक क्लब का सदस्य बन गया। इन्हीं दिनों लार्ड कर्जन वायली ने अंग्रेजभक्त भारतीय छात्रों की एक सभा बुलाई थी। मदन लाल ने किसी प्रकार इस सभा की भी सदस्यता ले ली। लार्ड कर्जन वायली ने भारत में रहकर अंग्रेजों के शासन को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेषतया क्रांतिकारियों पर अकथनीय जुल्म ढाए थे। 20 वर्ष तक भारत में रहकर इस कुख्यात ब्रिटिश एजेंट ने सैकड़ों क्रांतिकारियों को मौत की सजा दिलवाई थी। सावरकर की योजनानुसार इसी को यमलोक भेजने की मदन लाल ने ठान ली। काम बहुत जोखिम भरा था।

लंदन के जहांगीर हॉल में 1 जुलाई 1901 को एक सभा में कर्जन वायली मुख्य अतिथि के रूप में आने वाला था। मदनलाल अपनी जेब में 6 बैरल का पिस्टल लेकर अपने साथियों के साथ जहांगीर हॉल में बैठ गया। जैसे ही कर्जन वायली बोलने के लिए खड़ा फुआ, मदन लाल ने झट से आगे आकर उसे गोलियों से छलनी कर दिया। कर्जन धड़ाम से भूमि पर लुड़क गया। उसी वक्त एक अंग्रेज भक्त छात्र काका लाल ने मदन लाल को दबोचने का प्रयास किया। मदन लाल ने अपनी पिस्तोल की बची हुई गोलियां काका लाल के भी सीने में उतारकर उसे भी साम्राज्यवाद का चमचा होने की माकूल सजा दे दी। कर्जन वायली पर हुए इस क्रांति हमले के बाद जहाँगीर हॉल में हाहाकार मच गया। मदन लाल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। इस देशभक्त की जेब से एक छुरा और पिस्तोल निकले। समाचार पत्रों द्वारा इस घटना का शोर विश्वभर में फ़ैल गया। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के एजेंट/चमचे इस कृत्य की निंदा करने लगे। यहाँ तक कि मदनलाल के पिता ने लंदन में लार्ड मारेल को पत्र लिखा - ऐसे देशद्रोही वा हत्यारे को मैं अपना पुत्र मानने को तैयार नहीं। इस मूर्ख ने मेरे मुंह पर कलंक का टीका लगा दिया है।

मंदी में दुनिया

सिद्धार्थ शंकर

रूस-यूक्रेन युद्ध का असर इटली समेत यूरोप के कई देशों की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। रूस से मिलने वाले कच्चे तेल पर काफी हद तक निर्भर पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्से, जर्मनी, इटली एवं तुर्की के लोगों के लोगों के लिए चीजें पहले से महंगी हो गई हैं। डॉलर के मुकाबले 20 वर्ष में पहली बार यूरो में 12 फीसदी की गिरावट देखी गई है। एक यूरो एक डॉलर पर पहुंच गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उत्पन्न ऊर्जा संकट को इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है। इसकी वजह से यूरोपीय देशों में आर्थिक मंदी का खतरा उत्पन्न हो गया है। देर-सबेर इसकी छाया भारत पर भी पडऩी तय है। भारत भी अब तक कोविड के नकारात्मक प्रभाव से बाहर नहीं आ सका है। युद्ध के संकट के चलते बाजार में मंदी का प्रभाव है। यह समय हमारे चेतने का है और तैयारियां करने का है। कड़े कदम के तहत हाल ही में रूस ने नॉर्ड स्ट्रीम 1 पाइपलाइन के रखरखाव की बात कहकर इटली को गैस आपूर्ति में कटौती की है।

यूरोप के अन्य देशों में भी हालात बिगड़ रहे हैं। खाद्यान्न संकट और गैस, एवं पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में कमी की वजह से यह समस्या सामने आई है। बिगड़ती आर्थिक और ऊर्जा संकट की स्थिति से निपटने के लिए इटली आपातकालीन कदम उठाने को मजबूर है। यूरोजोन में महंगाई की दर 8.6 है। जर्मनी को 1991 के बाद पहली बार व्यापार घाटा हुआ है। इसकी वजह तेल की कीमत में काफी तेजी है, सप्लाई चेन की मुश्किलों की वजह से आयात की लागत बढ़ गई है। हंगरी की सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में आपातकाल स्थिति की घोषणा की है। हंगरी ने ऊर्जा संसाधनों और जलाऊ लकड़ी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करने वाले देशों में महंगाई रिकॉर्ड दर स्तर पर पहुंच गई है। यूरोप की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ कई मोर्चे पर संकट से जूझ रही है। महामारी और युद्ध के संकट ने महंगाई बढ़ा दी है और विकास घट गया है। एक तरफ यूक्रेन युद्ध के प्रभाव में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं तो दूसरी तरफ कोविड की महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी पूरी तरह से लौटी नहीं है। इन देशों में रहने वालों के घरेलू खर्च का बजट गड़बड़ा गया है। यह आशंका भी लगातार बनी हुई है कि रूस से तेल और गैस की सप्लाई आने वाले हफ्तों या महीनों में रुक सकती है। रूस दुनिया में तेल का सबसे बड़ा निर्यातक है। जाहिर है कि इस आशंका ने तेल और गैस की कीमतों को और ज्यादा बढ़ाया है। महामारी के चलते बीते दो साल से ज्यादा समय में तेल की मांग और कीमत काफी नीचे चले गए थे। इसके नतीजे में तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगी रूस ने उत्पादन बढ़ाने में काफी सावधानी बरती और फिर तेल के दाम ऊपर चले गए। युद्ध शुरू होने से पहले ही बढ़ रही तेल की कीमतों को अब पर लग गए हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते कई जर्मन कंपनियों के उत्पादन में बाधा आई है। प्रमुख कार कंपनी फोल्क्सवागन को तो कई बार अपनी फैक्ट्री बंद करने की नौबत आ गई। इसी हफ्ते की शुरुआत

में 2022 के लिए जर्मनी ने विकास दर का अनुमान 3.6 फीसदी से घटा कर 2.2 कर दिया। महंगाई के कारण फ्रांस में भी पहली तिमाही में विकास दर घट कर शून्य हो गयी है. इससे पहले अनुमान लगाया गया था कि यह 0.3 फीसदी बढ़ेगी। इसी तरह वहां सालाना विकास दर भी अप्रैल में बढ़ कर 4.8 हो गई है जो एक महीने पहले 4.5 फीसदी थी। फ्रांस की अर्थव्यवस्था ने पिछले साल मजबूत वापसी की थी और ऐसा लग रहा था कि कोरोना काल में हुए नुकसान की सारी भरपाई हो गई लेकिन अब जो हालात बन रहे हैं उसमें मंदी का आशंका जोर पकड़ रही है। कीमतों के ज्यादा होने से मांग में तेजी नहीं आ रही है दूसरी तरफ ऊर्जा और खाने पीने की चीजों की सप्लाई पर संकट मंडरा रहा है।

सूडोकु नवताल- 6160

★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6				4			7	
		8	9	6		4		2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6159 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

स्वतंत्रता सेनानी स्मारक व आयोग गठन के लिए 283 जिलों सम्मान यात्रा!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार राष्ट्रीय समन्वय समिति की नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित की गई बैठक में युद्ध स्मारक की तरह स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के निर्माण की मांग की गई।साथ ही स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन करने,केंद्र व राज्य स्तर पर सरकार में विभिन्न पदों पर मनोनयन,राज्य सभा व लोकसभा में प्रतिनिधित्व देने की भी मांग उठाई गई।राष्ट्रीय समन्वय समिति की बैठक अध्यक्षता 112 वर्षीय वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दादा लेखराज ने की तो संचालन नित्यानन्द शर्मा व श्रीगोपाल नारसन ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक में देशभर के 22 राज्यों से चयनित 75 सदस्यों की स्वतंत्रता सेनानी परिवार राष्ट्रीय समन्वय समिति को आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन देने आए प्रह्लाद प्रसाद प्रजापति , ले. आर माधवन, अनन्त लक्ष्मण गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जो भारत सरकार द्वारा बनाई गई एमिनेंट कमेटी के सदस्य है,के साथ ही 112 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ?दादा लेखराज व भारत भूषण विद्यालंकार की उपस्थिति ने सभी को अभिभूत किया। बैठक में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान आयोजकों द्वारा किया गया। इसके पश्चात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति (रजि.) के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने 75 सदस्यीय समन्वय समिति के सदस्यों का स्वागत किया।समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी ने आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता सेनानियों व उनके उत्तराधिकारियों की सहभागिता को राष्ट्रहित में एक बड़ा कदम बताया। इसी क्रम में संगठन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा निकाली जा रही है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति (रजि.) के तत्वावधान में 6 अगस्त को पूरे देश के लगभग 283 जिलों में एक साथ स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा आजादी के अमृत महोत्सव पर हर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के द्वारा अपने पूर्वज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मान देने की दृष्टि से निकाली जा रही है।हरिद्वार में यह यात्रा प्रातः काल 10 बजे देवपुरा चौक से आरंभ होकर 12 बजे शहीद जगदीश वत्स स्मारक कोतवाली के सामने तक जाएगी। इस सम्मान यात्रा का स्वागत करने के लिए स्थान स्थान पर धार्मिक, सामाजिक संगठनों तथा राजनीतिक दलों के द्वारा विभिन्न स्थलों पर व्यवस्था बनाई जा रही है।

नए साल में फैशन से लेकर होम डेकोरेशन में रहेगा ग्रीन रंग का जलवा



2022 में हरा रंग छाया रहने वाला है। दुनिया के कुछ मशहूर पेंट ब्रांड्स और डिजाइनर्स ने एक सर्वे के आधार पर इस बात का दावा किया है कि आने वाले साल में हरा ज्यादा पसंद किया जाने वाला कलर रहेगा। यानी 2022 में हरे रंग के हल्के से लेकर गहरे दोनों शेड्स लोकप्रिय रहेंगे। इसके साथ ऑरेंज और ब्लू भी लोगों के पसंदीदा कलर रहेंगे, जिसे हरे के साथ कंबीनेशन करके दुनिया के बड़े फैशन और डिजाइनर ब्रांड अपने प्रोडक्ट पेश कर सकते हैं। फर्स्ट डिब्स की ओर से करवाए गए इस सर्वे में दुनिया के 750 से अधिक इंटीरियर डिजाइनर्स शामिल हुए थे जिन्होंने वर्ल्ड के टॉप बाजारों का सर्वेक्षण करके यह निष्कर्ष निकाला। यह रंग कपड़ों से लेकर घर के आंतरिक और बाहरी सजावट में भी दिखाई देगा। यही नहीं टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी ग्रीन रंग के छाए रहने की भविष्यवाणी की गई है। अगर आप भी नए साल में शादी-पार्टी के लिए कोई ड्रैस लेने या फिर घर के इंटीरियर में बदलाव करने के बारे में सोच रही हैं तो ग्रीन का इस्तेमाल कर सकती हैं। आइए, आपको बताते हैं, इन रंगों का खूबसूरती से कैसे इस्तेमाल किया जाए...

कपड़े और एक्सैसरीज

2022 में ग्रीन कलर ट्रैंड करने वाला है। आप चाहें तो अपने कपड़ों में भी इसे शामिल कर फैशनेबल और स्टाइलिश दिख सकती हैं। इसकी शुरूआत आप न्यू इयर पार्टी से करें। न्यू इयर की अपनी ड्रैस को आप ग्रीन टच दे सकती हैं। इसके अलावा इस साल आने वाले तीज-त्यौहार और घर में होने वाली शादी-पार्टी या छोटे-मोटे फंक्शन के लिए ग्रीन को ध्यान में रखकर अपनी ड्रैस का चुनाव करें। कपड़ों के अलावा एक्सैसरीज जैसे, शूज़, बैग, ज्वैलरी, स्टॉल और हेयर एक्सटैंशन में हरे रंग को प्राथमिकता दे सकती हैं।

इंटीरियर डैकोरेशन

अगर आप नए साल पर घर की पुरानी चीजें बदलना चाहती हैं तो उसे ग्रीन से रिप्लेस करें जैसे- सोफा, कुशन कवर, कुर्सी, मेज, पर्दे, चादर, तकिए का गिलाफ, कालीन, डैकोरेटेड लाइट, फोटो फ्रेम, मिरर फ्रेम और अन्य सजावट के सामान को आप ग्रीन टच दे सकती हैं। इसके अलावा इंडोर प्लांट्स से भी आप घर को सजा सकती हैं। आप चाहें तो किचन में ग्रीन वॉल पेपर लगा सकती हैं। फ्रिज और वॉशिंग मशीन पर ग्रीन कवर लगा सकती हैं। जरूरी नहीं कि आप सिर्फ ग्रीन कलर का ही इस्तेमाल करें। आप चाहें तो ग्रीन के साथ कॉम्बिनेशन करके रैड, ऑरेंज और व्हाइट कलर का भी यूज कर सकती हैं।

एक्सटीरियर डैकोरेशन

एक्सटीरियर डैकोरेशन यानी घर के बाहर की सटावट के लिए आप तरह-तरह के सजावटी ग्रीन पौधे लगाएं। इन पौधों को गार्डन या बालकनी में एक साथ सजाकर रखें। उसके आगे नैचुरल या आर्टिफिशियल घास लगाएं। आप चाहें तो उस जगह को कुर्सी, टेबल से सजाकर बैठने की जगह बना सकती हैं और अपने परिवार के साथ शाम की चाय का लुत्फ उठा सकती हैं। गार्डन या बालकनी में रात को जलाने के लिए हरे रंगों के बल्बों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

घर की सजावट

नए साल पर अपने घर को नया लुक देना चाहती हैं तो कलर थीम के मुताबिक सजावट करें। इस साल ग्रीन रंग सजावट में ट्रैंड करने वाला है इसलिए आप घर के इंटीरियर और एक्सटीरियर डैकोरेशन में इसका इस्तेमाल कर सकती हैं-

बांस से सजाएं घर बनी रहेगी सुख-शांति

फेंगशुई और वास्तु में बांस को शुभ माना गया है। बांस से घर की डैकोरेशन करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। बांस को आप कई तरह से अपने घर के डैकोरेशन में शामिल कर सकती हैं। यहां कुछ सुझाव बताए गए हैं-

बांस का पौधा

इंडोर प्लांट से घर की सजावट करना चाहती हैं तो बांस का पौधा यानी बैंबू लगा सकती हैं। इसे आप लिविंग रूम या सोने वाले कमरे में मेज पर सजावट के लिए रख सकती हैं। बांस का पौधा घर में सकारात्मक ऊर्जा फैलाता है।

बांस का फर्श

घर के फ्लोर को नया रूप देने का मन है तो आप बांस से इसकी सजावट कर सकती हैं। आज कल लोग घर में बांस का फर्श लगवा रहे हैं। यह दिखने में भी अच्छा लगता है साथ ही मौसम के मुताबिक ठंडा और गर्म रहता है। यह सस्ता और टिकाऊ भी है।

बांस का फर्नीचर

अपने घर को बांस से बने फर्नीचर जैसे कुर्सी- टेबल, अलमारी या सोफे से भी डैकोरेट कर सकती हैं। इससे आपका घर ट्रैडिशनल के साथ स्टाइलिश भी दिखेगा।

लगाएं बांस के पर्दे

आप चाहें तो घर की बालकनी या खिड़की पर पर्दे की जगह बांस के परदे लगा सकती हैं। यह देखने में काफी खुबसूरत लगते हैं और कमरें में धूप को आने से रोकते हैं।

आईना और लैंप

बांस के बने विभिन्न डिजाइन के आईने के फ्रेम और लैंप भी मार्कीट में मौजूद हैं। इनका भी आप घर की सजावट में इस्तेमाल कर सकती हैं। बांस के बने डिजाइनर आईना फ्रेस दीवार पर लगा सकती हैं। वहीं, बांस के लैंप से आप लिविंग, स्टडी और सोने के कमरे की डैकोरेशन कर सकती हैं।

वास्तुः छोटी-छोटी बातों में छिपा सुख-समृद्धि का राज, जानिए कैसा होना चाहिए आपका घर



हमारे जीवन में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। ऐसे में घर से जुड़ी छोटी-छोटी गलतियां भी वास्तुदोष का कारण बन सकती है। इसके कारण घर व जीवन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप वास्तु शास्त्र को मानते हैं तो आज हम आपको घर से जुड़े वास्तु के बारे में बताते हैं। मान्यता है कि इन बातों का ध्यान रखने से घर में सुख-समृद्धि, खुशहाली व शांति का वास होता है। जीवन की समस्याएं दूर होकर घर में अन्न व धन की बरकत बनी रहती है।

इस दिशा में हो मुख्य द्वार

घर का मुख्य द्वार किसी भी दिशा में हो सकता है। वास्तु अनुसार, इसके उत्तर दिशा में होने से धन संबंधी समस्याएं नहीं होती है। दक्षिण दिशा में मेन गेट होने से किस्मत साथ देती है। पूर्व दिशा में बना मुख्य द्वार घर में शांति बनाए रखता है। इसके अलावा वास्तु अनुसार, पश्चिम दिशा पर मुख्य द्वार होने से सौभाग्य में वृद्धि होती है।

मुख्य द्वार रखें साफ

वास्तु अनुसार, घर का मेन गेट हमेशा साफ होना चाहिए। माना जाता है कि धन की देवी लक्ष्मी को साफ-सफाई बेहद पसंद हैं। ऐसे में मुख्य द्वार साफ होने से घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है। इसके साथ ही घर में सुख-समृद्धि व खुशहाली बनी रहती है। इसके विपरीत घर के बाहर गंदगी होने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती रहती है।

इस दिशा में लगाएं पौधे

वास्तु अनुसार, घर की उत्तर दिशा में हरे-भरे पौधे लगाना शुभ होता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने के साथ सुख-समृद्धि का वास होता है। आप इस दिशा में मनी प्लांट का पौधा लगा सकते हैं। वास्तु में इसे बेहद शुभ माना गया है। इसके अलावा इस बात का ध्यान रखें कि यहां पर लगे गमलों का रंग भी हरा होना चाहिए। मान्यता है कि इससे घर में अन्न व धन की बरकत बनी रहती है। मगर इस दिशा में डस्टबिन, वॉशिंग मशीन, झाड़ू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि को लगाने से बचना चाहिए। कहा जाता है कि इससे धन हानि होने का खतरा रहता है।

इस दिशा और रंग का हो किचन

वास्तु अनुसार घर का किचन हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में ही बनवाना चाहिए। इसके साथ ही इसकी दीवारों का रंग लाल, नारंगी और पिंक आदि करवाना चाहिए।

इस दिशा में हो ड्राइंग रूम

घर का ड्राइंग रूम व काम करने के अन्य स्थान उत्तर दिशा में होना शुभ माने जाते हैं।

पश्चिम दिशा में करवाएं ऐसा रंग

वास्तु अनुसार, घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में लॉकर रूम होना शुभ होता है। इसके साथ ही यहां पर सफेद या पीले रंग करवाना चाहिए। माना जाता है कि इससे धन संबंधी समस्याएं दूर होकर आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इसके अलावा पढ़ाई के लिए यह स्थान अनुकूल होने से आप इस दिशा पर स्टडी रूम बनवा सकते हैं।

सुखी दांपत्य के लिए बेडरूम में करें ये बदलाव

हर कोई चाहता हैं कि उनका वैवाहिक जीवन सुखमय व खुशहाल हो। मगर कई बार छोटी-मोटी अनबन कब बड़ा रूप ले ले इसका पता नहीं चलता है। ऐसे में लंबे समय तक कपल में मनमुटाव रहने से रिश्तों में दरार पड़ने का खतरा रहता है। वास्तु अनुसार, पति-पत्नी अपने बेडरूम में वास्तु अनुसार बदलाव करके इससे बच सकते हैं।

बेडरूम की खिड़की जरूर रखें

कपल के कमरे में खिड़की जरूर होनी चाहिए। वास्तु अनुसार, इससे पति-पत्नी में तनाव कम होता है। इसके साथ ही रिश्तों में मिठास व मजबूती आती है।

शीशा लगाएं

बेडरूम में शीशा लगाना शुभ व अच्छा माना जाता है। वास्तु अनुसार, इससे कपल्स में अनबन कम होती है। इसके साथ उनके बीच का प्यार मजबूत होता हैं। मगर वास्तु अनुसार, शीशे को बेड के ठीक सामने लगाने से बचना चाहिए।

इलेक्ट्रॉनिक सामान रखने से बचें

कपल को अपने कमरे में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं रखने चाहिए। वास्तु अनुसार, इससे नकारात्मक ऊर्जा निकलती है जो कमरे में फैल जाती है। इसके कारण वैवाहिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कांटेदार फूल रखने की गलती ना करें

अक्सर कपल बेडरूम में फूल रखना पसंद करते हैं। इसकी धीमी-धीमी महक कमरे को महकाने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। मगर मुरझाएं और कांटेदार पौधे कपल को अपने कमरे में लगाने से बचना चाहिए। इससे रिश्तों में खटास आने व तनाव बढ़ने की समस्या हो सकती है। आप कमरे में मनी प्लांट का पौधा रख सकते हैं। यह शुक्र का प्रतीक व शुभ माना जाता है। इसे कमरे में लगाने से रिश्तों में मिठास व मजबूती आती है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है।

सोने की सही मुद्रा का होना भी जरूरी

पत्नी को हमेशा पति के बाईं ओर ही सोना चाहिए। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन में मिठास बनाएं रखने के लिए कपल को एक बड़े तकिए का इस्तेमाल करना चाहिए।

सही रंगों का इस्तेमाल

बेडरूम का रंग भी वैवाहिक जीवन पर गहरा असर डालता है। वास्तु अनुसार, पति-पत्नी को अपने कमरे में हमेशा हल्का गुलाबी या हल्का हरा करवाना चाहिए। इन्हें सुखद रंग माना जाता है। ऐसे में ये रंग तनाव कम करके कपल को एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं।

बेडरूम में देवी-देवताओं की तस्वीर न लगाएं

वास्तु अनुसार, पति-पत्नी को बेडरूम में देवी-देवताओं की तस्वीर लगाने से बचना चाहिए। इससे रिश्तों में तनाव बढ़ सकता हैं। मगर कपल को अपने पैरों की तरफ बहते पानी की एक बड़ी तस्वीर जरूर लगानी चाहिए। वास्तु अनुसार, बहता पानी प्यार का प्रतीक होता है। ऐसे में इससे पति-पत्नी में प्यार बढ़ता है।

श्रावण मास के अंतिम दिवस कांदा डोंगर परिक्षेत्र

बोल बम समिति द्वारा किया गया भगवान शिव की पुजा अर्चना

ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी

छत्तीसगढ़ । मैनपुर विकासखंड अंतर्गत आज श्रावण मास के अंतिम दिवस कांदा डोंगर परिक्षेत्र बोल बम समिति (गोढियारी) द्वारा आज बड़े ही धूमधाम से भगवान शिव की भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया गया पूजन अर्चन हेतु 84 गढ़ के आस्था के केंद्र एवं अमलीपदर हृदय स्थली श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे जी द्वारा पुजा अर्चना किया गया पंडित युवराज पांडे जी जब कांदा डोंगर परिक्षेत्र में पहुंचे तो पुरे कांदा डोंगर परिक्षेत्र के ग्रामीण एवं बोल बम समिति द्वारा पंडित जी का भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात पंडित जी द्वारा भगवान शिव के भव्य पूजा अर्चन जलाभिषेक किया गया एवं श्रावण मास के अंतिम तिथि दिन हवन का कार्यक्रम किया गया समस्त श्रद्धालुओं के साथ आचार्य जी ने कांदा डोंगर की मुख्य देवी मां कुलेश्वरी , मां गादी , भगवान श्री कृष्ण सभी मंदिरों में जाकर पुजा अर्चना किया जिसमें जोर-शोर से क्षेत्र के समस्त श्रद्धालु शिव भक्त ग्रामीण उपस्थित हुए तथा आचार्य जी ने भगवान शिव से समस्त क्षेत्रवासियों की मनोरथ को पूर्ण एवं समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना भगवान महादेव से की

रात के अंधेरे में तोड़े बैंक के ताले सीसीटीवी कैमरा की केबल सहित पुराना सामान ले गए चोर

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पोहरी थाना क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम परिच्छा में चोरों ने बीती रात बैंक में सेंध लगा दी। चोरों ने बैंक की शटर को तोड़कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे, केबिल, डीवीआर सहित पुराना इस्तेमाली सामान चुरा लिया। सुबह जब बैंक का स्टाफ पहुंचा तो उन्हें चोरी का पता चला। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फरियादी आशुतोष अवस्थी पुत्र दिनेश 35 वर्ष निवासी आनंद नगर ग्वालियर ने बताया कि वह ग्राम परिच्छा में मध्यांचल ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। 11 अगस्त को सुबह 6:30 बजे कर्मचारी पवन कुशवाह का फोन आया जिसने बताया कि बैंक के शटर के ताले टूटे हुए हैं व शटर आधा उठा हुआ है। तब पवन कुशवाह द्वारा डायल 100 को सूचना दी गई। इसके बाद मैं अपने बैंक स्टाफ के साथ ग्राम परिच्छा पहुंचा तो देखा कि बैंक का मैन शटर आधा उठा हुआ था एवं शटर को सब्बल से तोड़ा गया है। बैं के अंदर की कैंची शटर का ताला टूटा हुआ था। डायल 100 के आने के उपरांत फिर मैं स्टाफ के साथ अंदर गया तो देखा कि एक सीसीटीव्ही कैमरा टूटा हुआ था एवं सीसीटीव्ही का डीव्हीआर एवं एलसीडी स्क्रीन नहीं थी एवं सीसीटीव्ही की फिटिंग को भी उखाड़ कर अपने साथ ले गए। इसी के साथ बैंक का पुराना सामान कीमत 8 हजार रूपए भी ले गए। मामले में पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल के बाद केस दर्ज कर लिया है।

आदर्श रामायण मंडली के तत्वाधान में हुआ पूर्ण हुआ अखंड रामायण का पाठ

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में आदर्श रामायण मंडली के तत्वाधान में चल रहे अखंड रामायण पाठ आज पूर्ण हुआ ज्ञात हो आप सभी को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण मास में श्री रामचंद्र जी की राम कथा गुणगान 1 मास तक के किया जाता है एवं अखंड रामायण का पाठ भी आदर्श रामायण मंडली के द्वारा किया जाता है इस वर्ष इस अखण्ड रामायण पाठ यजमान के रूप में श्री प्यारेलाल दुबे,प्रतिभा दुबे बने हुए एवं आचार्य श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर पंडित युवराज पांडे जी के द्वारा श्री दुर्गा मंदिर अमलीपदर में अखंड रामायण पाठ चला एवं श्रावण मास के पूर्णिमा तिथि को प्रातः 8:00 बजे अखंड रामायण के पाठ पूरी हुई एवं तत्पश्चात हवन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें सभी श्रद्धालु ग्राम वासी उपस्थित हुए और भगवान श्री रामचंद्र जी से आशीर्वाद प्राप्त किए ज्ञात हो आप सबको कि यह इस वर्ष आदर्श रामायण मंडली का 52 वर्ष पूर्ण हुआ रामचंद्र जी की सेवा करते हुए

कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने हर घर तिरंगा अभियान के चलते निकाली साइकिल रैली ।

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-देश भर मे स्वतंत्रा की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी उपलक्ष मे शिवपुरी पुलिस द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान मे जुड़ने के लिये प्रेरित किया जा रहा है । आज दिनांक 11.08.2022 को कलेक्टर शिवपुरी श्री अक्षय कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा एक साइकिल रैली निकाली गई साइकिल रैली कलेक्ट्रेट से शुरू होकर अस्पताल चौराहा, कस्टम गेट ,ग्वालियर नाका कमला गंज ,माधव चौक ,गुरुद्वारा ,झांसी झांसी तिराहा होती हुई गुरुद्वारा राजेश्वरी रोड अग्रसेन चौराहा चौराहा होती हुई पुलिस कंट्रोल रूम पर समाप्त हुई रैली का उद्देश्य लोगों को घर-घर तिरंगा अभियान से जोड़ना है एवं इसके साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ भी बनाना है।

उक्त रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया ,एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव ,रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव ,थाना प्रभारी कोतवाली ,देहात ,फिजिकल, यातायात एवं पुलिस बल शामिल रहा।

जिला उपाध्यक्ष अमित पड़रिया शंकर भैया एवं पुष्पांजलि पत्रकार हरिओम परिहार ने दी जिला उपाध्यक्ष को बधाई

हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे

पिछोर,। निज निवास जाकर पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ के वरिष्ठ पत्रकार हरिओम परिहार ने जिला उपाध्यक्ष अमित पड़रिया शंकर भैया को नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी एक वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित पड़रिया शंकर भैया जिन्होने ऐतिहासिक जीत के साथ जिले में सब प्रथम अपनी जगह बनाई है और जनता जनार्दन का भी उनके लिए दिल से सहयोग रहा है इसी क्रम में खनियाधाना पत्रकार हरिओम परिहार ने निज निवास पर जाकर उनको हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है

चाचोडी में राजपुरोहित समाज के महिला मित्र मंडल ने किया कमाल।

लंम्पी स्किन वायरस से पीड़ित गोवंश को बचाने के लिए दिन-रात किया एक

नरेश कुमार सिरवी पुष्पांजली टुडे

पाली रानी चाचोडी। राजस्थान प्रदेश के पाली जिले भर में विकराल रूप से आगे बढ़ रही लम्पी स्किन वायरस के बढ़ते प्रकोप को प्रभावी रूप से नियंत्रण करने के लिए जिले के रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम चाचोड़ी में राजपुरोहित समाज के नवयुवक महिला मित्र मंडल ने पेश की अनोखी मिसाल।

राजपुरोहित समाज के नवयुवक महिला मित्र मंडल अपने स्तर पर लगातार प्रयास करते हुए लम्पी स्किन वायरस से पीड़ित बेसहारा गोवंश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर बचाव उपचार किया जा रहा है। ग्राम में गोवंश को इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में विशेष प्रकार के लड्डू खिलाए जा रहे हैं। राजपुरोहित समाज के नौजवान युवा गौ भक्त समाजसेवी शंकर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि लम्पी स्किन वायरस प्रदेश विभिन्न जिलों में विकराल रूप ले रहा है। लम्पी स्किन वायरस से गौवंश को बचाने के लिए राजपुरोहित समाज के नवयुवक महिला मित्र मंडल अपने निजी सयोग से इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में जैविक आटे में हल्दी काली मिर्च देसी शक्कर के लगभग 100 किलो मिशन में विशेष प्रकार के लड्डू तैयार कर गोवंश के बचाव कार्य में समर्पित किया गया । राजपुरोहित समाज महिला मित्र मंडल के दल ने ग्राम के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर अन्य स्थानों पर विचरण करने वाले बेसहारा गोवंश को लड्डू खिलाए खिलाएं । इनके अथक प्रयास से स्थानीय गोवंश को प्राणघातक महामारी दुर्लभ बीमारी से बचाया जा सके। । गोवंश के बचाव को लेकर राजपुरोहित समाज के नौजवान महिला मित्र मंडल आगे आकर पूरा प्रयास किया जा रहा है। और गांव में फैली लम्पी स्किन वायरस से बेसहारा गायों को मुक्त कराने के लिए दिन रात मेहनत कर कामधेनु के वंशज को बचाया जा सके।

। ग्राम चाचोडी के गली मोहले में गोवंश को बचाने के लिए समाज सेवी एवम् गो भक्त का दल मिलकर सैनिटाइजर और प्राथमिक उपचार कर रहे हैं। और लम्पी स्किन वायरस से पीड़ित गोवंश को चिन्हित कर उनका प्राथमिक उपचार कर पशु चिकित्सक को सूचित कर उपचार करवाया जा रहा हैं। और घातक वायरस से पीड़ित गोवंश को अलग रखने का प्रयास भी किया जा रहा है। राजपुरोहित ने बताया की केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग संस्थाएं गोवंश को बचाने के लिए जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों के गौवंशीय पशुओं में फैल रहे लम्पी स्किन रोग से पशु पालकों सहित गौ भक्तों में हड़कंप मचा दिया है। राजपुरोहित समाज के नवयुवक महिला मित्र मंडल ने कहा कि पशुधन राजस्थान के किसानों की जीवन रेखा है। गौवंश पशुपालकों को अकाल की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करते है। सदियों से पशुपालक पशुधन के बल पर विपरित परिस्थितियों से लड़ते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की बहुमूल्य पशुधन सम्पदा की महत्ता को बनाए रखने, उनके विकास एवं पशुधन उत्पादन की अभिवृद्धि के साथ-साथ पशुपालकों व किसानों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राजपुरोहित समाज प्रतिबंध है।

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

सुनील कुमार अहिरवार पुष्पांजलीं टुडे

टीकमगढ़ कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री द्विवेदी ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को तैयारियों के सम्बध में निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं संबंधी उनके दायित्व का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं में ध्वजारोहण 7:30 बजे किया जाएगा। साथ ही संयुक्त कार्यालय में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा जिसमें समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया की समस्त विद्यालय प्रभात फेरी ध्वजारोहण के पश्चात समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड पहुंचेगी तथा जहां ध्वजारोहण माननीय अतिथियों द्वारा 9 बजे किया जाएगा।

श्री द्विवेदी ने समारोह स्थल पर सभी विभागों को हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में बैनर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बिजली, पानी व सफाई, सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हों, जिसमें देश भक्ति के गाने कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम में परेड संबंधी सारी व्यवस्था उत्तम हो यह सुनिश्चित किया जाए। आजादी के अमृत उत्सव तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त को 75 वीं वर्षगांठ पर के तहत 13 से 15 अगस्त के समस्त संस्थाओं तिरंगा फहराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त कर्मचारी व अधिकारी भी अपने घरों पर ध्वजारोहण कर वेबसाइट पर अपलोड करें। उन्होंने निदेर्शित किया कि स्वतंत्रता दिवस को जिले के सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। समारोह स्थल पर एम्बुलेंस के साथ डॉक्टर की टीम उपस्थित रहेगी तथा फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का अनिवार्य रूप से पालन किया जाये।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम टीकमगढ़ श्री सीपी पटेल, एसडीएम बल्देवगढ़ श्री सौरभ मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर डॉ अभिजीत सिंह, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्री आरके पस्तोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री बृजेश त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. पीके माहौर, जिला योजना अधिकारी श्री रामबाबू गुप्ता, डीडीए श्री डीके जाटव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शुभ विचार वे विचार होते हैं जो हमें ना सिर्फ अपने कर्तव्यों का बोध करते हैं बल्कि हमें सही कर्म पथ पर आगे बढ़ाएं का रास्ता दिखाते हैं , श्रीमती पूनम राजोरिया

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे

पिछोर, हर किसी के जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं लेकिन कुछ लोग विपत्ति के समय धैर्य नहीं खोते हैं और हिम्मत के साथ आगे बढ़ते हैं एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर देते हैं

लेकिन कुछ लोग विपत्ति के समय एक दम टूट जाते हैं एवं अपने लक्ष्य से पीछे हट जाते हैं और नकारात्मकता से भर जाते हैं ऐसे लोगों के लिए इस तरह के शुभ विचार एक अच्छी टॉनिक का काम करते हैं और लोगों को मुसीबत से उभारने में उनकी सहायता करते हैं एवं लोगों के अंदर नई शक्ति एवं ऊर्जा का संचार कर उन्हें जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं इसके साथ ही इस तरह के विचार हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा के साथ एक भरोसा जगाते हैं विद्वानों द्वारा कहे गए शुभ विचार हमेशा हमें तरक्की की तरफ अग्रसर करने में हमारी सहायता करते हैं एवं हमें अपने काम के प्रति और अधिक जिम्मेदार बनाते हैं इस तरह के सर्वश्रेष्ठ सुविचार हमारे अंदर नई आशा उम्मीदों को जगाने के साथ-साथ हमारे आपसी रिश्तो को मजबूत बनाते हैं भरोसा मजबूत करते हैं हिम्मत और साहस बढ़ाते हैं मुसीबतों से उभारने में सहायता करते हैं कठिन समय में एक अभिभावक की तरह काम करते हैं मन को प्रसन्नता देते हैं खुद पर नियंत्रण रखना एवं क्रोध पर काबू पाना सिखाते हैं इस तरह के विचार हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार करते हैं जिससे हम अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होते हैं बड़ों का सम्मान करना जीवो पर दया करना गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता करना विपत्ति के समय धैर्य एवं संयम बनाए रखना समेत कई ऐसी चीजें सिखाती हैं जो कि हमारी खुशहाल जीवन के लिए बेहद उपयोगी होती है

न-टू-वन

अनाथ आश्रम में बांटी पुस्तकें और कांपी, बच्चों के चेहरों पर देखने को मिली खुशी

सौरभ परमार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

जयपुर । सुना है शिक्षा सबसे बड़ा दान है। आप इसमें पूरा नही तो थोड़ा तो सहयोग दे सकते है। ऐसे ही आज जयपुर स्तिथ अनाथ आश्रय होम केयर में आज हमारे जयपुर प्रभारी सौरव तथा उनके मित्र निखिल जी ने अनाथ बच्चों को पुस्तके और कापियां बांटी। इसी के साथ उन्हें कुछ खाने पीने की चीजें भी दी।उन्होंने सदा सेवा भाव करने का सभी से आग्रह किया।आश्रम के बच्चे भी बहुत खुश नजर आए। मौके पर कोमल जैन,अभिषेक व आर्यन जी मौजूद थे

महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

पुष्पांजली टुडे

बेंगलुरू – राजाजी नगर स्थित एम ई. एस .इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के कन्नड़ विभाग द्वारा आयोजित नूडी हब्बा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य शारदा अंतर कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से वातावरण को कन्नड़ मय बना दिया विजेता प्रतिभागियों को महेन्द्र मुणोत ने पुरस्कृत किया धन्यवाद

डिंगाई में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली तिरंगा जागृति रैली

पुष्पांजलीं टुडे

पाली।आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के तिरंगा रैली निकाली गई, गुडा एदला थाना अधिकारी रविंद्र पाल सिंह के अनुगाई में डिंगाई ग्राम वासियों द्वारा गुरुवार शाम को तिरंगा पैदल रैली निकाली गई, इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिस्ता कवर , सरपंच प्रेम कुमारी, उप सरपंच महेंद्र सिंह डूंगरौत, मोन्टु सिंह भाटी , किशन सिंह उदावत , चंद्रप्रकाश (चंदू भाई), मनोहर सिंह भाटी, मदन सिंह सोनिगरा, बद्री दास वैष्णव, गुंदोज चौकी प्रभारी रामनिवास, भाजपा महिला मोर्चा गुंदोज मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, गुडा एदला थाना अधिकारी रविन्द्र पाल सिंह की टीम, एवं समस्त युवा मंडल व समस्त ग्रामवासी डिंगाई मौके पर मौजूद थे

कबीर पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 हेतु प्रविष्टि आमंत्रित

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मप्र के हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 हेतु बुनकरों द्वारा स्वयं उत्पादित प्रविष्टि आमंत्रित की जाती है बुनकर व्दारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रविष्टियों का लूम पर बुनाई करते हुए फोटो तथा बुनकर का आईडी प्रमाण पत्र तथा सत्यापित मूल निवासी प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। जिला हाथकरघा कार्यालय के सहायक संचालक ने बताया कि इस योजनान्तर्गत प्रथम पुरस्कार राशि एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार राशि पचास हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार राशि रुपये पच्चीस हजार का प्रावधान है। अधिक से अधिक स्वयं द्वारा उत्पादित प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप पर सहपत्रों सहित 25 अगस्त 2022 तक जिला हाथकरघा कार्यालय शिवपुरी पोहरी रोड शिवपुरी में जमा कराएं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

चीन ने नेपाल को अनेक परियोजनाओं में निवेश के लिए 15 अरब रुपये की सहायता का वादा किया

काठमांडू। नेपाल और चीन आपस में निकटता बढ़ा रहे है। चीन ने इस वर्ष नेपाल को 15 अरब रुपये की अनुदान सहायता देने का वादा किया है जिसे विभिन्न परियोजनाओं में निवेश किया जाएगा। नेपाल और चीन के संबंधों को मजबूत करने के लिए चीन गए नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खड़का ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ व्यापक मुद्दों पर वार्ता की थी जिसके बाद यह घोषणा की गई है। वांग के निमंत्रण पर चीन के आधिकारिक दौरे पर गए खड़का ने बुधवार को चीन के शहर क्विंगदाओ में वांग से मुलाकात की। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'दोनों विदेश मंत्रियों ने नेपाल-चीन संबंधों के सभी पहलुओं का जायजा लिया और व्यापार, कनेक्टिविटी, निवेश, स्वास्थ्य, पर्यटन, गरीबी उन्मूलन, कृषि, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।' वांग ने घोषणा की कि चीन 2022 में नेपाल को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने के लिए 15 अरब रुपये की सहायता देगा।

अंदर ही अंदर सुलग रही है भाजपा दिखने लगा धूंआ

महापौर सहित 36 नेताओं को नोटिस

प्रदेश में भी भाजपा नेताओं में सियासी टकराव

भोपाल।

पीएमएस भाजपा एक अनुशासित पार्टी है भाजपा में कोई भ्रष्टाचारी नहीं है भ्रष्टाचार के खिलाफ शंखनाद करते हुए महापौर मालती राय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था भोपाल के मतदाताओं ने उनके ऊपर विश्वास किया और वह भारी मतों के अंतर से महापौर निर्वाचित हुई महापौर पद की शपथ लेने के तुरंत बाद पचासी लाख रुपए की वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपी के रूप में उनके खिलाफ नोटिस जारी हो गया शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 8 वर्षों से जो अनुशंसा संभागीय आयुक्त के लाल बस्ते में बंद कर धूल खा रही थी उस पर त्वरित कार्यवाही होने से भाजपा नेताओं के बीच की सियासी लड़ाई और सत्ता की बंदरबांट अब स्पष्ट रूप से सामने दिखने लगी है

अयोग्यता और 85 लाख की वसूली: 15 वर्ष पूर्व एमपी नगर में सड़क निर्माण की टेंडर में हुई गड़बड़ी की शिकायत लोकायुक्त में हुई थी इसकी जांच तत्कालीन लोकायुक्त रिपुसूदन दयाल के कार्यकाल में हुई थी लोकायुक्त ने वर्तमान महापौर मालती राय जो उस समय पार्षद थी लोकायुक्त ने अपनी अनुशंसा में मालती राय सहित 38 पार्षदों को अयोग्य घोषित करने और नगर निगम को जो पचासी लाख रुपए का नुकसान हुआ था उसकी वसूली सभी 39 पार्षदों से करने की अनुशंसा की

थी लोकायुक्त ने कार्रवाई के लिए संभागीय आयुक्त को यह मामला भेजा था जो पिछले 8 वर्षों से लंबित था तत्कालीन पार्षद तथा बाद में सांसद बने आलोक संजर पार्षद विष्णु खत्री जो बाद में विधायक बने इसके अलावा और भी भाजपा के नेता लोकायुक्त की अयोग्यता की कार्यवाही में शामिल थे प्रदेश में भाजपा की सरकार थी भाजपा की सरकार है पिछले 8 वर्षों से इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई

महापौर बनते ही फाइल दोड़ी: मालती राय के शपथ ग्रहण करते हैं 15 साल पुराने मामले और 8 साल पुरानी अनुशंसा की फाइल बड़ी तेजी के साथ दौड़ने लगी संभागीय आयुक्त गुलशन बामरा ने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि वह उस समय नगर निगम भोपाल के कमिश्नर थे शासन ने यह मामला नर्मदा पुरम के संभागीय आयुक्त माल सिंह को सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए 26 जुलाई को संभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा नोटिस जारी हुए जो आरोपियों को 7 अगस्त को मिले शपथ ग्रहण के 1 दिन बाद मिले नोटिस ने भाजपा नेताओं के सियासी टकराव के उठते हुए धुएं को भोपाल और प्रदेश में फैला दिया

गुटबाजी और सत्ता समीकरण: भाजपा हलकों में चर्चाओं के अनुसार महापौर मालती राय चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की विश्वास पात्र हैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के विश्वासपात्र विश्वास सारंग हैं इसके बाद भी 8 साल पुरानी अनुशंसा पर शपथ ग्रहण के दूसरे दिन नोटिस जारी होने की खबर खेलना एक बड़े सियासी टकराव और आंतरिक गुटबाजी का हिस्सा है भोपाल की राजनीति में नगर निगम का बहुत बड़ा योगदान माना जाता है भारतीय जनता पार्टी के भोपाल के विधायक और अन्य नेता विश्वास सारंग के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए इस कार्यवाही को करने की बात कर रहे हैं भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करने वाली महापौर मालती राय को भ्रष्टाचार के आरोप में अयोग्य ठहराने का यह मामला प्रदेश में भाजपा संगठन और सत्ता के बीच में आंतरिक लड़ाई को उजागर कर रहा है।

15 अगस्त पर देश को एक बड़ा तोहफा दे सकता है मप्र

कूनो पालपुर अभयारण्य में छलांग लगाएंगे चीते

नामीबिया से आठ चीतों की पहली खेप 15 अगस्त तक पहुंचने की उम्मीद

भोपाल। अगर सब कुछ तयशुदा योजना के मुताबिक चला तो मध्यप्रदेश आजादी का अमृत महोत्सव 70 साल पहले समूचे भारत से विलुप्त हो चुके चीतों के पुनर्वास के रूप में मनाएगा। इंतजार है केवल दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति द्वारा चीतों के निर्यात को हरी झंडी देने का। दरअसल, इस बीच नामीबिया से आठ चीतों की पहली खेप 15 अगस्त तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिए श्योपुर जिले के कूनो पालपुर अभयारण्य को तैयार कर लिया गया है। इस अभयारण्य में बसे गांव खाली करा लिए गए हैं। अभयारण्य में चीतों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। हिरणों के रूप में चीतों को भरपूर खाने की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ी तो चीतल भी अभयारण्य में छोड़े जा सकते हैं। उम्मीद है नामीबियाई चीते भारतीय पर्यावरण में न सिर्फ जीवित रहेंगे बल्कि अपनी आबादी को बढ़ाने में कामयाब होंगे। अगर यह परियोजना सफल रही तो भारत फिर एक बार चीतों के घर के रूप में जाना जाएगा। जो चीते अब कहानियों में जिंदा हैं, उन्हें बच्चे और पर्यावरण प्रेमी अपनी आंखों से सजीव देख सकेंगे, उन चीतों की बेमिसाल फुर्ती को महसूस कर सकेंगे। यकीनन भावी पीढ़ियों के लिए यह एक बेहतरीन वन्य जीव उपहार होगा।

6 सालों में 50 से 60 आएंगे नजर: चीते दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया विश्वविद्यालय में प्रो. एड्रियन ट्रोडिफ की देखरेख में भारत लाए जाएंगे। प्रो. ट्रोडिफ दक्षिण अफ्रीका में करीब दो दशकों से चीतों पर अध्ययन कर रहे हैं। वे खुद भी दक्षिण अफ्रीकी चीतों के बैच के साथ भारत आकर इस प्रोजेक्ट के लिए काम करेंगे। उम्मीद है कि 14 अगस्त तक कूनो की फिजाएं चीतों की रफ्तार से गुलजार हो सकती हैं। अगले 6 सालों में कूनो में 50 से 60 चीते दौड़ते नजर आ सकते हैं। जानकारों के मुताबिक पहले इन चीतों को 30 दिन तक क्वारेंटाइन में रखा जाएगा। फिर धीरे-धीरे इन्हें बाड़ों में शिफ्ट किया जाएगा। वहां भी इनकी कड़ी निगरानी की जाएगी।

चीतों के पुनर्वास की पहल: देश में विलुप्त होते चीतों के पुनर्वास की पहल यूपीए 2 के कार्यकाल में तत्कालीन केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने की थी। बाद में यह मामला अदालत तक गया। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को इस परियोजना के लिए मंजूरी दी थी। साथ ही, कोर्ट ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को चीतों के लिए उपयुक्त जगह खोजने का आदेश दिया था। कई राष्ट्रीय उद्यानों पर विचार के बाद एक्सपर्ट्स ने मध्यप्रदेश के श्योपुर में कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान को चुना। हालांकि, इस दौड़ में मप्र के 1200 किमी क्षेत्र में फैले नौरादेही अभयारण्य का नाम भी था।

खुला अनाज भी व्यापारियों ने जीएसटी की आड़ में किया महंगा

उछाल जीएसटी से नहीं बल्कि अनाज में मुनाफाखोरी की वजह से है

भोपाल। स्वाद छोड़िए, यदि अब आप को भूख भी मिटाना है तो ज्यादा खर्च करना होगा। आटा, चावल और दाल के दाम में उछाल आ गया है। यह उछाल जीएसटी से नहीं बल्कि अनाज में मुनाफाखोरी की वजह से है। खुले अनाज में जीएसटी नहीं लगने के बाद भी इसके दाम में 10 से 20 फीसदी के दाम बढ़ गए हैं। प्रदेश के गल्ला बाजारों में दाल से लेकर चावल, गेंहू और तेल के दाम में बढ़ोत्तरी से आम आदमी की जेब कट रही है। व्यापारियों ने बारिश और कम उपज का बहाना बनाकर खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ा दिए हैं। इसका असर बाजार पर भी दिखाई पडने लगा है। आटा, दाल समेत अन्य कई खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल आया है। बढ़ती महंगाई के चलते आमजन भी परेशान हैं।

उपज कम होने से बढ़े दाम: दाल के दाम में सबसे ज्यादा उछाल दर्ज किया गया है। अरहर की दाल लगभग 20 रुपये प्रति किलो महंगी हो गई है। इस काबुली चना और उड़द की दाल के दाम में भी उछाल आया है। व्यापारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में इस बार दाल की उपज कम हुई है। खासतौर पर अरहर की उपज कम होने के दाम 10 से 20 फीसदी बढ़े हैं। अभी तक दाल 90 से 95 रुपये प्रति किलो चल रही थी, अब यह 108 से 112 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। इधर चना, मूंग दाम में अभी दाम थमे हुए हैं। काबुली चने के दाम जरूर 4 से 5 फीसदी बढ़े हैं।

दाल और चावल के बना लिया स्टाक: शहर के कई व्यापारियों ने दाल की कम आवक को देखते हुए अभी से स्टाक करना शुरू कर दिया है। कई व्यापारी बायपास से लगे गोदामों में दाल का बड़ी मात्रा में स्टाक कर रहे हैं। यही हाल चावल में भी है। जो चावल 45 से 50 रुपये था, वो अब 55 से 60 तक पहुंच गया है।

वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम संपन्न

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक , पुष्पांजली टुडे

मुरार-ग्वालियर। दिनांक 10 अगस्त 2022 सुबह 10-00 बजे स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले आदर्श ग्राम गौशाला लाल टिपारा मुरार ग्वालियर पर

वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा स्वदेशी जागरण मंच ने वृक्षारोपण के साथ-साथ भारतीय ध्वज संहिता एवं राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया तथा पॉलिथीन मुक्त अभियान के लिए कपड़े के थैलों का भी वितरण किया गया आज के कार्यक्रम में विशेष रुप से गौशाला के महाराज जी , नगर निगम कमिश्नर श्री किशोर कान्याल जी एवं महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार तथा दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारा के बाबा उपस्थित रहे दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारा द्वारा भी 501 वृक्षों का वृक्षारोपण किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सुरेश जी पाठक श्री एसके दीक्षित, श्री राकेश शर्मा,श्री संजय जी भदोरिया ,श्रीविष्णु जी शर्मा,श्री प्रमोद जी भदोरिया ,श्री लवकुश जी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

चीन ने भारतीय विमान अपहरण के आतंकी मसूद अजहर के भाई को संयुक्त राष्ट्र में बचाया

वॉशिंगटन। चीन अपने दोस्त पाकिस्तान को लेकर कितना आग्रही है कि उसके आंतकियों की भी वकालत करने से नहीं चूकता। अब अमेरिका और भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक कुख्यात आतंकवादी के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव में चीन ने बुधवार को अड़ंगा लगा दिया। राजनयिकों ने इसकी जानकारी दी है। भारत और अमेरिका चाहते थे कि आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर पर वैश्विक प्रतिबंध लगाए जाएं और उसकी संपत्ति को फ्रीज कर दिया जाए। इस तरह के प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति के सभी 15 सदस्यों की सहमति होनी चाहिए। लेकिन चीन ने अड़ंगा लगाकर पाकिस्तान को आतंकवादी को बचा लिया।

मीडिया से बात करते हुए चीनी मिशन के प्रवक्ता ने बताया, हमने प्रस्ताव को इसलिए रोक दिया क्योंकि हमें केस को स्टडी करने के लिए और समय चाहिए। समिति के दिशा-निर्देशों में प्रस्ताव को रोकने का प्रावधान है और इस तरह के कई लिस्टिंग प्रस्ताव समिति के सदस्यों की तरफ से रोके गए हैं। यूएस ट्रेजरी ने 2010 में अजहर को नामित किया था और उस पर पाकिस्तानियों को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करने और भारत में आत्मघाती हमले प्लान करने का आरोप लगाया गया था। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि अमेरिका अन्य देशों के मतों का सम्मान करता है। अमेरिका अपने सुरक्षा परिषद के भागीदारों के साथ सहयोग को महत्व देता है ताकि आतंकवादियों को अपराध करने के लिए वैश्विक व्यवस्था का शोषण करने से प्रभावी ढंग से रोका जा सके। जैश कमांडर अब्दुल रऊफ अजहर कुख्यात आतंकवादी मसूद अजहर का छोटा भाई है और 1994 में आईसी 814 विमान हाईजैक में शामिल था। इस साल चीन ने यह दूसरी बार संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तानी आतंकवादी की लिस्टिंग पर रोक लगाई है। इससे पहले उसने लश्कर-ए-तैयबा के अब्दुल रहमान मक्की की लिस्टिंग पर रोक लगा दी थी। इससे पहले मंगलवार को सुरक्षा परिषद को आगाह किया गया कि अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन का खतरा हर दिन बढ़ रहा है और यह महाद्वीप उसकी खिलाफत का भविष्य हो सकता है। अफ्रीका के सुरक्षा विशेषज्ञ मार्टिन एवी ने यह चेतावनी दी थी।

कोरोना वायरस की जंग उत्तर कोरिया ने जीती, किम जोंग उन ने किया ऐलान

सियोल।

कोविड के घातक वायरस को उत्तर कोरिया ने परास्त कर दिया है यहां के शासक किम जोंग उन ने गुरुवार को कोविड-19 वैश्विक महामारी पर पूरी तरह पार पाने की घोषणा करते हुए कहा कि देश की इस सफलता को सार्वजनिक स्वास्थ्य के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। वहीं, उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी की एक खबर में किम की बहन के हवाले से कहा गया कि उनके भाई को बुखार था और उत्तर कोरिया में इस प्रकोप के लिए उन्होंने सीमा पार दक्षिण कोरिया से भेजे गए 'पर्चों' को दोषी ठहराया। साथ ही, उन्होंने इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती आर्थिक कठिनाइयों के बीच

किम को देश पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखने में मदद करने के लिए उत्तर कोरिया ने इस प्रकोप को कम दिखाने की कोशिश की है। उनका मानना है कि वैश्विक महामारी से पार पाने की किम की इस घोषणा का मकसद दूसरी चीजों की ओर अब ध्यान आकर्षित करना है।

वहीं, दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने किम की बहन की टिप्पणी का विरोध करते हुए एक बयान में कहा कि वह उत्तर कोरिया की 'बेहद अपमानजनक और धमकी भरी टिप्पणियों' पर गहरा खेद व्यक्त करते हैं, जो संक्रमण की उत्पत्ति के उसके 'बेतुके दावों' पर आधारित है। उत्तर कोरिया ने मई में कोरोना वायरस संक्रमण के 'ओमिक्रॉन' स्वरूप के मामले देश में सामने आने की पुष्टि की थी। उसने 2.6 करोड़ की आबादी वाले देश में करीब 48 लाख 'बुखार के मामले' सामने आने की जानकारी दी थी। उसने केवल 74 लोगों के इससे जान गंवाने की पुष्टि की है।

खबरों के अनुसार, किम ने बुधवार को अपने भाषण में कहा, 'हमने (मई से) जब से महामारी के खिलाफ अत्यधिक आपात उपाय अपनाने का अभियान शुरू किया। बुखार के दैनिक मामले जो लाखों की संख्या में सामने आ रहे थे, एक महीने बाद 90,000 से कम हो गए और लगातार कम होते गए और 29 जुलाई से इस घातक बुखार का एक भी मामला सामने नहीं आया है।' उन्होंने कहा कि इस बीमारी पर इतने कम समय में नियंत्रण और देश को फिर से वायरस मुक्त क्षेत्र बनाना एक अद्भुत चमत्कार है, जिसे दुनिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य के इतिहास में दर्ज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान महिला स्व-सहायता समूहों को 200 करोड़ रूपये के बैंक ऋण का करेंगे वितरण

समूह की महिलाओं से करेंगे सीधा संवाद

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 12 अगस्त को स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 300 समूह सदस्य महिलाएँ भोपाल पहुँचेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान स्व-सहायता समूहों को लगभग 200 करोड़ रूपये के बैंक ऋण का वितरण भी करेंगे। सभी ग्राम पंचायत से भी स्व-सहायता समूह सदस्य वर्चुअल जुड़ेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन सहित क्षेत्रिय चैनल एवं सोशल मीडिया माध्यमों से किया जाएगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों की निर्धन महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनका सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। प्रदेश के 45 हजार ग्रामों में लगभग 3 लाख 84 हजार स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है, जिनसे लगभग 43 लाख परिवार जुड़े हैं। इनमें से लगभग 16 लाख 79 हजार परिवारों को कृषि तथा लगभग 6 लाख 19 हजार परिवारों को अन्य गतिविधियों से जोड़ा गया है। हाल ही में सम्पन्न पंचायत निर्वाचन में इन स्व-सहायता समूहों के लगभग 17 हजार सदस्य पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य पदों पर निर्वाचित हुए हैं। इनमें 1907 सरपंच, 429 उप सरपंच, 46 जिला पंचायत सदस्य, 381 जनपद सदस्य और 14 हजार 378 पंच बनें हैं। पंचायती राज संस्थाओं में स्व-सहायता समूहों की इतनी बड़ी भागीदारी पहली बार देखने को मिली है। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूहों को पर्याप्त बैंक ऋण आसानी से दिलवाया जा रहा है। उनके उत्पादों के क्रय-विक्रय के लिये आजीविका मार्ट पोर्टल बनाया गया है। इस पर समूहों के लगभग 6 हजार 700 उत्पाद अपलोड किये गये हैं। अभी तक लगभग 504 करोड़ रूपये का व्यवसाय इन महिलाओं ने पोर्टल से किया है। समूह सदस्य महिलाओं ने %हर घर तिरंगा अभियान% में भी लगभग 63 लाख तिरंगे तैयार किये हैं। स्कूल गणवेश तैयार करने का कार्य भी स्व-सहायता समूह कर रहे हैं।

ग्वालियर महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार ने आज राज पाएगा रोड टापू मोहल्ला स्थित बाल्मिक मोहल्ले में रक्षाबंधन का पर्व मनाया

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम महापौर डॉ शोभा सिकरवार ने आज टापू मोहल्ला क्षेत्र के बाल्मीकि बस्ती में बाल्मीकि समाज के लोगों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया वही बाल्मिक समाज की महिलाओं ने ग्वालियर पुल के विधायक डॉ सतीश सिकरवार को राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया इस अवसर पर विधायक डॉक्टर सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार रक्षा का सूत्र बांधकर बाल्मिक समाज के लोगों की रक्षा का संकल्प लिया अब ग्वालियर में विकास छोटी-छोटी बस्तियों से शुरू होकर बड़ी बस्तियों तक पहुंचेगा इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कपिल शर्मा वार्ड 45 सा पार्षद अंकित कटहल धीरेंद्र खरे सुशील खरे बंटी खरे पुरुषोत्तम बाजपेई अशोक बाजपेई प्रीतम सिंह कुशवाह सहित अनेक क्षेत्रीय वासी उपस्थित थे इसी तारतम्य में महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार ने नूरगंज बस्ती मुरार में अनुसूचित जाति जनजाति की बस्ती मैं भी रक्षा का सूत्र बांधकर रक्षा करने का वचन दिया इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस के नेता सुनील शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

धर्म-परिवार व देश-समाज की रक्षा का संकल्प ही रक्षाबंधन है : मुनिश्री

मुनिश्री की पिच्छी में सोने की राखियां जैन समाज ने रक्षा सूत्र के रूप में बांधकर लिया रक्षा का संकल्प।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज की पिच्छी में प्रथम सोने की राखी श्रीमती अंगूरी जैन राजीव जैन हेमलता जैन परिवार विदिशा ने बंधी। दूसरी चांदी की राखियां सचिन नीतू जैन गुड़ागांव परिवार, सीमा चक्रेश जैन, मनोज डॉ मयूरी जैन कॉलेज, पारस जैन, सरोज बोहरा, नम्रता जैन ने राखियां बांधी। वही जैन समाज के समाजजनो ने मुनिश्री की पिच्छी में राखियां बंधने के उपरांत रक्षा बंधन के दिन 700 मुनिराजों पर आये उपसर्ग निवारण का पर्व की रक्षा का संकल्प लिया।।

जैन धर्म के 11 वें भगवान श्रेयांसनाथ के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लड्डू

मुनिश्री की पिच्छी में सोने की राखी के साथ जैन समाज के लोगो ने बांधे रक्षा सूत्र

ग्वालियर। रक्षाबंधन 700 मुनिराजों पर आए उपसर्ग निवारण का पर्व है। 700 मुनियों की रक्षा के लिए मुनि विष्णु कुमार ने अपने मुनि पद को छोड़कर श्रावक बनकर उनकी रक्षा की थी। रक्षाबंधन पर्व प्यार और रक्षा के संकल्प का पर्व है। भाई-बहन का रिश्ता दुनिया में सबसे मजबूत और पवित्र रिश्ता है। धर्म और परिवार की रक्षा का संकल्प, देश और समाज की रक्षा का संकल्प ही रक्षाबंधन है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में रक्षा बंधन व भगवान श्रेयांश नाथ के मोक्ष कल्याणक पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि रक्षाबंधन का मुख्य महत्व तभी है, जब हम अपने धर्म, धर्मायतनों, मुनिराजों, आर्यिका माताजी आदि साधुओं, राष्ट्र, पर्यावरण की रक्षा हेतु विचार करें। रक्षाबंधन मात्र भाई द्वारा बहन की रक्षा का पर्व नहीं है, बल्कि मां, बेटा, भाई, पति-पत्नी कोई भी हो, सभी के प्रति वात्सल्य एवं प्राणी मात्र की रक्षा का पर्व है। जहां वात्सल्य भाव होता है, वहीं रक्षा का भाव होना संभव है। अतः रक्षाबंधन वात्सल्य पर्व ही है। रक्षाबंधन के दिन जैन मंदिरों में श्रावक - श्राविकाएं जाकर धर्म और संस्कृति की रक्षा के संकल्प रक्षासूत्र बांधते हैं। चातुर्मास समिति के मुख्य संयोजक मनोज जैन, स्वागत अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री जितेंद्र जैन, चक्रेश जैन ने आतिथियो का तिलक साफा पहनाकर सम्मान किया। संचालन उमेश जैन भिंड ने किया।

भगवान श्रेयांसनाथ किया अभिषेक,चढ़ाया निर्वाण लड्डू, गूँजे जयकारे

मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में 11 वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का अभिषेक इंद्रो ने जयकारों के साथ किया। वही शांतिधारा पीयूष जैन, राजेश जैनलाला, राजकुमार जैन एवं ज्योतिचार्य हुकुमचंद ने की। श्रेयांसनाथ भगवान का पूजन से साथ निर्वाण काण्ड पूजन के बाद संगीतकार शुभम जैन सैमी के भजनों पर भक्ति नृत्य करते हुए 16 किलो मुख्य निर्वाण लड्डू प्रथम गौरव नम्रता जैन सरधना मेरठ परिवार सहित लड्डू 16 परिवारों के साथ जैन समाज के लोगों ने निर्वाण लड्डू जयकारों के साथ समर्पित किया।

संक्षिप्त समाचार

रक्षाबंधन पर सिटी बसों में निश्शुल्क यात्रा की महिलाओं ने

ग्वालियर। रक्षाबंधन के अवसर पर 11 अगस्त को स्मार्ट सिटी की सूत्र सेवा की इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों में महिलाओं को निश्शुल्क सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और निगमायुक्त किशोर कान्याल ने यह पहल की है। बस आपरेटर सावंत माहौर के मुताबिक ग्वालियर से दतिया और शिवपुरी के लिए चलने वाली बसों में सुबह आठ बजे तक चार-चार सीटें महिलाओं के लिए फ्री रहेंगी। इसी प्रकार शहर के अंदर चलने वाली सिटी बसों में महिलाओं के लिए 10-10 सीटें निश्शुल्क आरक्षित की गई हैं।

अधेड़ ने जहर खाकर की खुदकुशी

ग्वालियर। उटीला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहांगी खुर्द के रहने वाले 55 वर्षीय पुरुष ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। उटीला पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है। मृतक का नाम राजवीर पुत्र जगन्नाथ शर्मा है। वह रात को घर आया और उसने सल्फास की गोली खा ली। इसके बाद उसे उल्टियां हुईं तो स्वजन उसे अस्पताल लेकर गए। यहां उन्हें जहर खाने का पता लगा। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। फिर अस्पताल से उटीला पुलिस को सूचना दी गई।

कर्मचारी कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

ग्वालियर। मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला इकाई ग्वालियर ने जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार को कर्मचारियों की मांगों से संबंधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विभिन्न मांगे की गईं। इनमें परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन करने, कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय अर्जित अवकाश के भुगतान के समय आ रहीं कठिनाइयों का निराकरण, अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों का ट्रेजरी कोड जेनरेट करना आदि का जिक्र किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला संयोजक रविंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय महामंत्री अमरीश गुप्ता, जिला अध्यक्ष शिवदत्त भार्गव, शिव कुमार द्विवेदी, केके अवस्थी, जिला सचिव सुनील पटेरिया और रामभरोसे शर्मा शामिल थे।

ढाबा संचालक ने युवक से मारपीट कर गोली चलाई

ग्वालियर। मुरार के बड़ागांव इलाके में मारपीट कर गोली चलाने वाले ढाबा संचालक को पुलिस ने पकड़ा है। उसने युवक के साथ मारपीट की और गोली चलाई। इस मामले में मुरार पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। इसी तरह थाटीपुर इलाके में भी एक गुंडे ने पूर्व के विवाद पर से घर के बाहर फायरिंग कर दी। सीएसपी मुरार ऋषिकेष मीणा ने बताया कि बड़ागांव स्थित ढाबा के बाहर प्रदीप पाल निवासी काल्पी ब्रिज का विवाद निरंजन किरार से हो गया। निरंजन शराब के नशे में था। निरंजन ने नशे में उसकी मारपीट कर गोली चला दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और निरंजन को पकड़ लिया।

सितंबर माह में मिलेगा पीएम आवास योजना के फ्लैटों में प्रवेश

ग्वालियर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के महलगांव और सागरताल (मानपुर) में तैयार किए गए ब्लाकों में हितग्राहियों को सितंबर माह से प्रवेश देना शुरू कर दिया जाएगा। पहले दोनों साइट पर दो-दो ब्लाक तैयार थे और इनका पजेशन मई माह में दिया जाना था, लेकिन आचार संहिता के चलते इसे टाला गया। इसी बीच दोनों जगहों पर और दो-दो ब्लाक तैयार कर दिए गए हैं। अफसरों की योजना है कि अगले माह से हितग्राहियों को आवासों की चाबी सौंपना शुरू कर दिया जाए।

आचार संहिता खत्म होने के बाद नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मानपुर व महलगांव पहाड़ी पर आवासों का पजेशन शीघ्र ही देने वाला है। इसके लिए अब हितग्राहियों को अंतिम राशि का भुगतान करना होगा। महलगांव और मानपुर में तैयार किए गए चार-चार ब्लाक का पजेशन हितग्राहियों को मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निगम द्वारा 3960 आवास मानपुर (सागरताल), महलगांव पहाड़ी व सिरोल में बनाए गए हैं, लेकिन कोरोना के चलते हितग्राहियों को अब तक आवास नहीं मिल पाए हैं। ऐसे में हितग्राहियों पर अब दोहरी मार पड़ रही है, क्योंकि उन्हें बैंक की किश्तों और मकान का किराया भी हर महीने देना पड़ रहा है। अब अफसर हितग्राहियों को रजिस्ट्री कराने के लिए पत्र जारी करेंगे। हितग्राही को अंतिम किश्त का भुगतान कर रजिस्ट्री करानी होगी। इसके बाद उन्हें पजेशन दे दिया जाएगा। महलगांव पहाड़ी पर ब्लाक क्रमांक 10, 11, 15 व 16 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां 15-15 साल के वारंटी पीरियड वाली लिफ्ट का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा फ्लैटों की फाइनल फिनिशिंग भी लगभग पूरी हो चुकी है। इन दोनों ही साइटों पर नगर निगम ने सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट, सड़क आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी व्यवस्था भी कर दी है। जल्द ही हितग्राहियों को चाबियां सौंपी जाएंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478